जबलपुर, रविवार
दिनांक 22 फरवरी 2026
वर्ष 31 अंक 240
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'बुरी किस्मत का मुकाबला सिर्फ एक ही चीज के साथ हो सकता है और वो है कड़ी मेहनत'

2 सामाजिक अंकेक्षण में खुला ...
5 केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के ...
7 टैरिफ पर ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से...
11 विकास, नवाचार और किसान...

## दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई है। लाल किले के आसपास आईईडी ब्लास्ट की आशंका को लेकर अलर्ट जारी किया है। खुफिया जानकारी के अनुसार पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को अपने निशाने पर रखा है। सूत्रों के मुताबिक चांदनी चौक इलाके का मंदिर भी आतंकियों के टारगेट पर है। इसके चलते दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## सोनपुर में बनेगा दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा

**पटना।** बिहार कैबिनेट की बैठक में सोनपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने को पूर्व केंद्रीय मंत्री व सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने शनिवार को ऐतिहासिक पहल बताया है। दावा किया है कि यह हवाई अड्डा दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। रूडी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में इस हवाई अड्डे के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। यह हवाई अड्डा 4200 एकड़ में फैला होगा।

### चिप प्लांट के शिलान्यास के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा

# भारत के पास रुकने का समय नहीं

नोएडा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर ओसैट संयंत्र का शिलान्यास किया। यह उत्तर भारत की पहली ऐसी प्रमुख यूनिट है, जिसमें लगभग 3,706 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए और संबोधित किया, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौके पर उपस्थित हुए। यह परियोजना भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के पास रुकने का समय नहीं है। भारत ने 2026 की शुरुआत से अपनी तरक्की तेज कर दी है। 16 जनवरी को हमने स्टार्टअप डे मनाया। तरक्की को



तेज करने वाला बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज की दुनिया को चलाने के लिए जरूरी प्रोसेसिंग पावर, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों पर बड़े देशों के साथ काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक बड़ा सेंटर बनने जा रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई देता हूं। इससे उत्तर प्रदेश की पहचान और मजबूत होगी। इस दशक में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत जो भी करेगा, वह 21वीं सदी का पावरहाउस बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की सफलता का यह एक बड़ा कारण है। भारत में टैलेंट है। भारत पहले से ही अपनी चिप्स खुद बना रहा है। भारत ने चिप स्टार्टअप प्रोग्राम लॉन्च किया है। भारत में 85,000 सेमीकंडक्टर फैक्ट्रियों का टारगेट रखा गया है। भारत आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाए जाएंगे। पिछले 11 सालों में हमने बार-बार दिखाया है कि हम जो ठान लेते हैं, उसे हासिल करते हैं। आज मेक इन इंडिया एक पावरफुल ब्रांड के तौर पर उभरा है। इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट आठ गुना बढ़ा है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग 28 गुना बढ़ी है।

### यूपी एक मजबूत पिलर

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, यूपी एक मजबूत पिलर के तौर पर उभर रहा है। देश के आधे से ज़्यादा मोबाइल फोन यूपी में बनते हैं। भविष्य में यूपी का पोटेंशियल और बढ़ने वाला है। चिप मैन्युफैक्चरिंग भी होने वाली है। यह यहां आने वाले हजारों करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट के लिए खबरों में है। एक दशक पहले उत्तर प्रदेश अपने बुरे कामों के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह अपने विकास और गुड गवर्नेंस के लिए पहचाना जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे की भूमि बन गया है।

### एचसीएल-फॉक्सकॉन करेंगे 3700 करोड़ का निवेश

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में लगाया जा रहा सेमीकंडक्टर उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, एचसीएल समूह और फॉक्सकॉन का 60:40 अनुपात में संयुक्त उद्यम है। इस परियोजना में लगभग 3700 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है और इसे वर्ष 2028 तक संचालन में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कंपनी की यहां शनिवार को आधारशिला समारोह में कंपनी के शीर्ष पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### ऐसा इन्वेस्टमेंट कभी नहीं हुआ

भारत आज पहले कभी नहीं हुआ ऐसा इन्वेस्टमेंट कर रहा है। भारत ने सेमीकंडक्टर सेक्टर में भले ही अपनी यात्रा देर से शुरू की हो, लेकिन आज हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। अब तक हमने 10 सेमीकंडक्टर पैकेजिंग डिलीवर की हैं। इनमें से चार की मैन्युफैक्चरिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक विकसित भारत तभी बनेगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए यह जरूरी है कि भारत में चिप्स भारत में ही बनें। जब हमारे चिप्स भारत में बनेंगे, तो हमें दूसरों का मुँह देखने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।




## मध्यप्रदेश समेत चार राज्यों में 99.58 लाख वोटर्स हटे

### एसआईआर की अंतिम सूची प्रकाशित

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का दूसरा फेज अपने अंतिम चरण में है। चुनाव आयोग ने शनिवार को मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और केरल की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की। मध्यप्रदेश में 5.39 करोड़, राजस्थान में 5.15 करोड़, केरल में 2.69 करोड़ और छत्तीसगढ़ में 1.87 करोड़ नाम फाइनल वोटर लिस्ट में है। इन चार राज्यों में कुल 99 लाख, 58 हजार 398 वोटर के नाम हटाए गए हैं। एसआईआर प्रक्रिया में मध्यप्रदेश में 34.25 लाख, राजस्थान में 31.36 लाख, छत्तीसगढ़ में 24.99 लाख और केरल में 8.97 लाख लोगों के नाम कटे। अब तक कुल 7 राज्यों-यूटी की फाइनल लिस्ट आ चुकी है। लक्षद्वीप, पुडुचेरी की अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी और गुजरात की 17 फरवरी को जारी हुई थी। तमिलनाडु में 23 और पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को लिस्ट आ सकती है। गोवा और अंडमान-निकोबार की लिस्ट भी इसी महीने आने की संभावना है। यूपी में 10 अप्रैल को फाइनल लिस्ट आएगी। 12 राज्यों-यूटी में वोटर लिस्ट के एसआईआर की प्रक्रिया 27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुई थी। इन राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं। मध्यप्रदेश में पुनरीक्षण से पहले कुल 5,74,06,143 मतदाता दर्ज थे। प्रारूप सूची जारी होने के बाद यह संख्या घटकर 5,31,31,983 रह गई थी। अंतिम सूची में 5,39,81,065 नाम शामिल किए गए, यानी प्रारूप सूची के मुकाबले 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई।

# प्रधानमंत्री फिर करेंगे समर्पण

### टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली (वार्ता)

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आयात शुल्क संबंधी फैसला पलटे जाने के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह एक बार फिर अमेरिका के सामने समर्पण करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में श्री मोदी की स्थिति कमजोर हुई है। राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री ने देशहित से



समझौता किया है। उनका विश्वासघात अब सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अब समझौते की शर्तों पर पुनः बातचीत नहीं कर सकते। वह एक बार फिर समर्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न देशों पर भारी आयात शुल्क लागू करने के ट्रंप के फैसले को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि यह शक्ति सिर्फ अमेरिकी संसद के पास है। राहुल गांधी की यह टिप्पणी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आयी है। कांग्रेस ने बार-बार इस समझौते के समय, पारदर्शिता और शर्तों को लेकर चिंता जताई है। उसकी चिंता खासकर भारतीय किसानों और छोटे व्यवसायियों पर इसके संभावित असर को लेकर है।

# 5 लाख रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए बीजेपी विधायक

### लोकायुक्त ने जाल बिछाकर दबोचा

बेंगलुरु

कर्नाटक के शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चंद्रू लमानी को कर्नाटक लोकायुक्त ने गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि वे 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। अधिकारियों ने बताया कि लमानी को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया था, फिर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया और उसके बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में उनके दो पर्सनल असिस्टेंट को भी हिरासत में लिया गया है। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार, यह रिश्वत कथित तौर पर गडग जिले में छोटे सिंचाई विभाग के एक प्रोजेक्ट से जुड़ी मंजूरी दिलाने के लिए मांगी गई थी। इस काम के तहत सड़क के दोनों तरफ एक रिटेनिंग वॉल (सहायक दीवार) बनाना था। शिकायत करने



वाले गडग के क्लास-1 कॉन्ट्रैक्टर विजय पुजार से जब कथित तौर पर प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी लेने के लिए 11 लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई, जिसके बाद उन्होंने एंटी-करप्शन अधिकारियों से संपर्क किया। फिर शिकायत की पुष्टि करने के बाद लोकायुक्त पुलिस ने शनिवार को जाल बिछाया। ऑपरेशन के दौरान लमानी को कथित तौर पर मांगी गई रकम का हिस्सा 5 लाख रुपये लेते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस की एक टीम ने सीनियर अधिकारियों की देखरेख में की।

## भारत-ब्राजील ने 8 क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये



नई दिल्ली (वार्ता)

भारत और ब्राजील ने दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों तथा खनन क्षेत्र सहित आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ डिजिटल क्षेत्र में साझेदारी और व्यापार वीजा क्षेत्रों में दो घोषणाएं की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के बीच शनिवार को यहां हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में इन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब डॉलर (करीब 1,814.5 अरब रुपये) से आगे ले जाने की भी प्रतिबद्धता जतायी है। दोनों देशों के बीच जिन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये उनमें दुर्लभ मृदा खनिजों और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में सहयोग, डाक क्षेत्र में सहयोग, छोटी और मझौले उद्यमों और हस्तशिल्प क्षेत्र में सहयोग, दोनों देशों के विज्ञान और औद्योगिकी अनुसंधान परिषदों , दवा और चिकित्सा उपकरणों के क्षेत्र में सहयोग, भारतीय जनसंचार संस्थान और फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ मिनस गेरैस के बीच समझौता ज्ञापन, सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान और यूनिवर्सिटी ऑफ साओ पाओलो के बीच समझौता ज्ञापन और इस्पात आपूर्ति श्रृंखला के लिए खनन क्षेत्र में समझौता ज्ञापन शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने भविष्य के लिए डिजिटल साझेदारी पर संयुक्त घोषणा की है। इसके अलावा ब्राज़ील ने भारतीय सामान्य पासपोर्ट धारकों के लिए व्यापार वीज़ा की अवधि 10 वर्ष कर दी है जो इसी वर्ष सात फरवरी से प्रभावी है।

## सीआरपीएफ ने देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत किया: शाह

**गुवाहाटी (वार्ता)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, शौर्य, धैर्य, वीरता और बलिदान के स्वभाव के साथ देश की आंतरिक



सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा और सीआरपीएफ के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के बिना देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना से लेकर आज तक 86 साल में सीआरपीएफ ने अपनी कर्तव्य परायणता के कारण देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनकर प्रदर्शन किया है और परिणाम भी दिए हैं। शाह ने कहा कि देश को सुरक्षित रखने में सीआरपीएफ के 2270 जवान अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं और पूरा देश

## केबीसी में नागदा को कहा पानी की समस्या वाला गांव

### अमिताभ बच्चन पर केस, कोर्ट ने थाने से मांगी रिपोर्ट

उज्जैन

कौन बनेगा करोड़पति के 23 दिसंबर 2025 को प्रसारित एपिसोड में मध्यप्रदेश के नागदा को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन द्वारा नागदा को पानी की समस्या से जूझता छोटा सा गांव बताए जाने पर



स्थानीय स्तर पर आपत्ति दर्ज कराई गई है। इस मामले में नागदा के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास न्यायालय में परिवाद दायर किया गया। न्यायालय ने परिवाद स्वीकार करते हुए प्रकरण को सीआईएस में दर्ज करने और संबंधित थाने से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की गई है। परिवाद में उल्लेख किया गया है कि नागदा मालवा क्षेत्र का प्रमुख रेलवे जंक्शन है और इसकी आबादी डेढ़ लाख से अधिक बताई गई है। यह एक विकसित औद्योगिक नगर के रूप में पहचाना जाता है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तीन बार नागदा को जिला बनाने की घोषणा कर चुके हैं।

### सोनी पिक्चर्स के सीईओ भी पक्षकार

स्थानीय निवासी एवं अधिवक्ता लक्ष्मण सुंदरा ने अमिताभ बच्चन के साथ-साथ सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया के सीईओ गौरव बैनर्जी के खिलाफ भी अपराध पंजीबद्ध करने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया है। अब अगली सुनवाई के बाद न्यायालय आगे की कार्रवाई तय करेगा।

## इंदौर में भाजयुमो-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

### पथराव में उपनिरीक्षक घायल



इंदौर

दिल्ली के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यूथ कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन की आग अब मध्य प्रदेश तक पहुंच गई है। शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यालयों का घेराव किया। इंदौर में यह प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया। यहां दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। पुलिस को स्थिति संभालने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा। इंदौर में भाजयुमो कार्यकर्ता जब कांग्रेस कार्यालय (गांधी भवन) का घेराव करने पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उनकी भिड़ंत हो गई। दोनों ओर से कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पत्थर, पानी की बोतलें और तेल की थैलियां फेंकी। प्रदर्शनकारियों ने एक-दूसरे पर संतरे और टमाटरों से भी हमला किया। उपद्रव के दौरान सुरक्षा में तैनात सब इंस्पेक्टर आरएस बघेल के सीने पर एक बड़ा पत्थर लगा, जिससे वे घायल हो गए। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने बैरिकेड्स पार करने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं पर ठंडे पानी की बौछारें छोड़ीं, जिसके बाद भीड़ तितर-बितर हुई।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ा झटका

## यौन शोषण के मामले में दर्ज होगी एफआईआर

प्रयागराज

प्रयागराज में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एडीजे रेप एवं पॉक्सो स्पेशल कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने झूंसी थाना पुलिस को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोपों को फर्जी बताया है। उन्होंने जल्द से जल्द इस मामले की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है।

एडीजे पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया ने अपने आदेश में कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिवत जांच की जाए। कोर्ट के निर्देश के बाद अब झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि इस आदेश से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। शाकुंभरी पीठाधीश्वर और श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण



ट्रस्ट से जुड़े आशुतोष ब्रह्मचारी ने 28 जनवरी को धारा 173(4) के तहत अर्जी दाखिल कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। उनका आरोप है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के आश्रम में नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण होता है। उन्होंने इस संबंध में एक सीडी अदालत को सौंपने का भी दावा किया है।

### नाबालिगों के बयान दर्ज

मामले में 13 फरवरी को आरोप लगाने वाले दोनों नाबालिगों के बयान अदालत में वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने पुलिस रिपोर्ट को भी संज्ञान में लिया और सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अदालत ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी कर दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद आशुतोष ब्रह्मचारी ने कहा कि उन्हें न्याय मिला है। उन्होंने घोषणा की कि वह प्रयागराज से विद्या मठ वाराणसी तक पैदल सनातन यात्रा निकालेंगे और लोगों के सामने सच्चाई लाएंगे। उनका आरोप है कि विद्या मठ में ही नाबालिग बच्चों के साथ शोषण होता था।

### ये आरोप फर्जी हैं: अविमुक्तेश्वरानंद

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोपों पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ये आरोप फर्जी है। सच्चाई सामने आ जाएगी। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दायर किया गया था। उन्होंने कहा कि न्यायालय लंबा समय न लगाए, जल्द से जल्द इस पर कार्यवाही शुरू करे। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाला खुद हिस्ट्रीशीटर है, उसका नाम कई जगह दर्ज है। वो राम भद्राचार्य जी का शिष्य है, ये आरोप कोई विधर्मी नहीं लगा रहा है। लोगों ने झूठा केस लगाया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हम सामना करेंगे, हम योगी आदित्यनाथ थोड़ी हैं कि अपने ऊपर आरोप हटवा लें। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुझे पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है, इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने जांच में सहयोग देने की बात कही।

# सामाजिक अंकेक्षण में खुला मनरेगा घोटाला रोजगार सहायक से होगी 1.33 लाख की वसूली

## 15 दिनों में 1.33 लाख रुपये जमा करने के आदेश, नहीं तो होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)




जनपद पंचायत समनापुर की ग्राम पंचायत मारगांव में मनरेगा योजना के तहत गंभीर वित्तीय अनियमितता सामने आई है। हितग्राही मूलक चैकडेम निर्माण कार्य में बिना कोई भौतिक कार्य कराए शासकीय राशि निकाले जाने के मामले में जिला पंचायत प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जांच के बाद ग्राम रोजगार सहायक को दोषी ठहराते हुए उससे 1 लाख 33 हजार 270 रुपये की वसूली के आदेश जारी किए गए हैं।

मनरेगा अंतर्गत बेयान बाई, जमुना बाई और तुलादास मोदी के नाम पर चैकडेम निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे। जब सामाजिक अंकेक्षण दल ने निर्माण स्थलों का भौतिक सत्यापन किया, तो कहीं भी कार्य प्रारंभ होना नहीं पाया गया। इसके बावजूद मस्टर रोल जारी कर भुगतान दर्शाया गया, जिससे शासकीय राशि के दुरुपयोग का खुलासा हुआ।

मध्यप्रदेश सामाजिक संपरीक्षा समिति भोपाल के निर्देश और कलेक्टर डिंडौरी के आदेश पर वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के मनरेगा कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कराया गया था। अंकेक्षण के उपरांत गठित जनपद स्तरीय समिति की विस्तृत रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से सामने आया कि बिना निर्माण कार्य कराए ही मजदूरी भुगतान दिखाया गया।

जांच में तत्कालीन ग्राम रोजगार सहायक कमलेश धनंजय को इस पूरे प्रकरण के लिए जिम्मेदार पाया गया। उन्होंने अपने यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर नियमों के विपरीत मस्टर रोल जारी किए। सुनवाई के दौरान उन्हें अपने बचाव में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पांच अवसर दिए गए, लेकिन वे कोई भी ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके।

प्रारंभिक जांच में सरपंच अमरीश सैयाम एवं तत्कालीन सचिव दुर्गेश बरोतिया को भी समान रूप से जिम्मेदार मानते हुए वसूली प्रस्तावित की गई थी, किंतु सामग्री मद में किसी प्रकार का भुगतान नहीं होने और प्रत्यक्ष संलिप्तता सिद्ध न होने के कारण दोनों को प्रकरण से पृथक कर दिया गया।

पूरे मामले की सुनवाई मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 के अंतर्गत की गई। जिला पंचायत डिंडौरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी दिव्यांशु चौधरी ने 20 फरवरी 2026 को आदेश जारी करते हुए ग्राम रोजगार सहायक को 15 दिवस के भीतर 1 लाख 33 हजार 270 रुपये की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय-सीमा में राशि जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

यह मामला एक बार फिर मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही की अहमियत को रेखांकित करता है। प्रशासन की यह कार्रवाई साफ संदेश देती है कि शासकीय योजनाओं में अनियमितता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन पीएम उषा स्कीम के तहत किया जा रहा है। इस प्रोग्राम का विषय स्ट्रेस मैनेजमेंट कनफ्लिक्ट हैंडलिंग एवं टीम बिल्डिंग है। प्रोग्राम का उद्घाटन बायोटेक्नोलॉजी विभाग में किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलगुरु प्रो. राम शंकर एवं विभागाध्यक्ष प्रो.प्रवीण शर्मा तथा प्रो.अमित निगम की उपस्थिति वंदनीय रही। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. के. के. पटेरिया एवं अंकित कुमार गौर डॉक्टर संस्मृति मिश्रा (बतपेच) क्रिस्प भोपाल, तथा पीएम उषा प्रभारी डॉ रचना दुबे रही। प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह में कुलगुरु प्रो.राम शंकर जी ने कहा कि तनाव को कम करने के लिए हम सभी को वैदिक परंपरा को अपनाना चाहिए। मनीषियों के द्वारा जो मार्ग तनाव को कम करने के लिए बताए गए हैं जैसे प्राणायाम ,योग ,ध्यान आदि का अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. योगिता बसेने सहा.प्रा. बायोटेक विभाग द्वारा विषय विशेषज्ञों के बारे में जानकारी एवं एफटीपी प्रोग्राम के बारे में विवरण दिया सइसके बाद धन्यवाद ज्ञापन डॉ रुचि सिंह द्वारा किया गयास तथा कार्यक्रम में सभी विभागों के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक फैकेल्टी, उपस्थित रहेस इसके बाद विषय विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग को सुचारू रूप से आगे संचालित किया गया।

## तेज रफ्तार का कहर ! ओवरस्पीड में कार अनियंत्रित होकर पलटी, शादी जा रहे सभी सवार बाल-बाल बचे

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शनिवार की सुबह डिंडौरी के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा हादसा हुआ जिसने वहां मौजूद लोगों का दिल थामकर रख दिया। शहडोल जिले के गिरारी गांव से मंडला शादी समारोह में जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई। मिली जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे, जब सड़क पर अंधेरा और सन्नाटा था, तेज रफ्तार में चल रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी। सड़क किनारे बनी नाली पार करते हुए वाहन दूसरी ओर जाकर पलट गया। कार में चालक सहित तीन लोग सवार थे, जिनमें एक छोटा बच्चा भी शामिल था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण दौड़े और तत्काल राहत कार्य शुरू किया। कुछ ही समय में



जेसीबी मशीन की मदद से पलटे वाहन को बाहर निकाला गया। इस हादसे में कोई गंभीर चोटिल नहीं हुआ, लेकिन घटना ने वहां मौजूद लोगों की रूह कांपा दी। गनीमत रही कि सभी सवार सुरक्षित हैं और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। हादसे ने एक बार फिर याद दिलाया कि तेज रफ्तार और लापरवाही कभी भी खतरनाक परिणाम ला सकती है।

## स्कूल में अनियमितताओं पर प्राचार्य निलंबित

**हटा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय महरानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय हटा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास केजीबीवी हटा में मिली लगातार शिकायतों और जांच में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर प्राचार्य बीपी ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई आयुक्तए सागर संभाग द्वारा कलेक्टर दमोह के प्रस्ताव के परीक्षण के बाद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर दमोह द्वारा 5 जनवरी को भेजे गए पत्र के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा के नेतृत्व में 8 सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। दल ने विद्यालय और छात्रावास का निरीक्षण कर 26 दिसंबर 2025 को विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि प्राचार्य द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत आवश्यक विद्यालयीन प्रक्रियाओं का समुचित पालन नहीं किया गया। इसके अलावा झंडा एवं सद्भावना दिवस की राशि में वित्तीय अनियमितता तथा गबन जैसी स्थिति बनने के संकेत मिले। विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया तथा अकादमिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग में लापरवाही बरती गई। विद्यार्थियों के लिए आवश्यक निदानात्मक कक्षाओं का संचालन भी नहीं कराया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ सफाई का अभाव, बाथरूम में गंदगी तथा टूटे फूटे फर्नीचर के उपयोग जैसी व्यवस्थागत कमियां भी उजागर हुईं। साथ ही शासकीय आदेशों और निर्देशों की अवहेलना तथा सीएम हेल्पलाइन और कलेक्टर समाधान से जुड़ी शिकायतों का निराकरण नहीं करने की बात भी सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि प्राचार्य द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के संचालन में अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा रहा था। वार्डन से अभद्र व्यवहार, नियम विरुद्ध कार्य करने के लिए दबाव बनाना तथा छात्राओं से दबावपूर्वक कार्य कराए जाने जैसे आरोपों की पुष्टि हुई। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बिना छात्रावास अधीक्षक को बदलने और रसोई कर्मचारियों द्वारा गुटखा एवं तंबाकू सेवन को बढ़ावा देने जैसी शिकायतें भी सही पाई गईं। आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्राचार्य का यह आचरण पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता को दर्शाता है। जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा ;वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपीलद्ध नियम 1960 के नियम 9 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि जांच के बाद भी एमएलबी स्कूल में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ और लगातार वरिष्ठ कार्यालय द्वारा अवगत कराने के बाबजूद जब प्राचार्य की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो दो माह बाद निलंबन आदेश जारी हुआ है डेढ़ माह बाद प्राचार्य ठाकुर का रिटायरमेंट है।

## मंदिर से चोरी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

फरियादी प्रकाश सिंह तोमर पिता नाहर सिंह तोमर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम भानपुर, थाना सिंहपुर, द्वारा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दरमियानी रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा ग्राम भानपुर स्थित महामाया मंदिर एवं दुर्गा मंदिर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिंहपुर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही आरोपियों की तलाश की गई। जिसमें निम्नलिखित आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।, पुपेन्द्र उर्फ अमन पिता विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी खैरहा, मोहम्मद अहेद रजा पिता सहाबुद्दीन रजा उर्फ सिंहपुरिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी खैरहा पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से निम्न मशरूका बरामद किया गया। बरामद मशरूका चांदी के पायल 03 जोड़ी, करधन 01 नग, मुकुट 01 नग, वेंदी 03 नग, आख 01 नग, चांद का टुकड़ा 03 जोड़ी, मो.सा. एच.एफ. डिलेक्स, सी.सी.टी.व्ही. पैनल 01 नग कुल कीमत लगभग 96,000 रुपये, बरामद मशरूका विधिवत जप्त कर उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है।

## वृद्धाश्रम कल्याणपुर में आयोजित किया गया मेडिकल कैम्प एवं विधिक जागरूकता शिविर

शहडोल (स्वतंत्रमत)



सदस्य सचिव म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सुमन श्रीवास्तव एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के. एन. सिंह की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संभागीय मुख्यालय के कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सकीय जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धाश्रम में निवासरत 8 वृद्धजनों एवं क्षेत्रीय 24 अन्य वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार उपरांत नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को फल एवं अन्य खाद्य साम्रगियां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य एवं पोषण आहार के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में नालसा वरिष्ठ नागरिक योजना 2016 व माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से उक्त योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र व योग्य वृद्धजनों को अधिक से अधिक संख्या में जागरूक कर वृद्धाश्रम में उनके पुर्नवास के संबंध में व्यापक प्रयास किये जाने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, चीफ डिफेंस काउंसिल कुंज बिहारी द्विवेदी, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल अंकिता सिंह एवं जिला चिकित्सालय से डॉ. किशोर सिंह एवं नर्सिंग स्टाफ व वृद्धाश्रम एवं प्राधिकरण कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## पूर्व हॉकी कप्तान आयेंगे आज

मण्डला(स्वतंत्र मत)

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान राज्यसभा के पूर्व सांसद अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तथा पद्मश्री से अलंकृत डॉ. दिलीप तिर्की 23 फरवरी को मंडला के नगर के महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित खेल महोत्सव सांसद कप 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित संसदीय एवं अंतरराज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (सीजन 3) का यह भव्य समापन समारोह खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक वेद प्रकाश कुलस्ते ने बताया कि सांसद कप खेल महोत्सव का आयोजन खेलो इंडिया के संकल्प को साकार करने की भावना से किया गया है।

## जे.एस.डब्ल्यू सीमेंट के सहयोग तथा ग्राम पंचायत मालाचुआ के सहयोग से पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, सामाजिक सद्भावना एवं समग्र विकास को प्रोत्साहित करने के पुनीत उद्देश्य से जेएसडब्ल्यू सीमेंट द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से मालाचुआ में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया गया। विकासखंड पाली जिला उमरिया में ग्राम पंचायत मालाचुआ एवं जेएसडब्ल्यू सीमेंट के संयुक्त सहयोग से पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के इस आयोजन में लगभग 32 ग्राम पंचायतों की टीमें हिस्सा लेंगी। अतिथियों ने उदीयमान खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया, यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा, अनुशासन एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना से भी जोड़ेगा, जो इसका मुख्य उद्देश्य भी है। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट के सी.एस.आर. प्रमुख संतोष राजपूत, ग्राम पंचायत सरपंच मोहन बैगा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष दलबीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मैच ग्राम पंचायत मालाचुआ एवं ग्राम पंचायत शाहपुर के मध्य खेला गया और दोनों टीमों ने सराहनीय खेल प्रदर्शित किया। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर ग्राम पंचायत ओढ़ेरा के सरपंच तथा ग्राम पंचायत शाहपुर के सरपंच बारेलाल बैगा, मालाचुआ पंचायत प्रतिनिधि दलबीर सिंह एवं दिलीप तथा जे.एस.डब्ल्यू. सीमेंट के पदाधिकारी प्रतीक सिंह, अमित तोमर एवं सुशील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। टूर्नामेंट का फायनल मैच आगामी 6 मार्च को आयोजित होगा।

## वनमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला वनोपज सहकारी यूनियन पश्चिम मंडला द्वारा तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 के लिए वनमंडल स्तरीय शाखाकर्मियों के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी एवं पदेन प्रबंध संचालक एम.एस. मौर्य, आकाश साहू (प्रशिक्षु भा.रा.से.), उपमंडलाधिकारी श्रीराम सूत्रकार सहित संबंधित अधिकारी, पालक अधिकारी एवं प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में तेंदूपत्ता उत्पादन बढ़ाने, कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित अवधि 12 मार्च 2026 से 24 मार्च 2026 तक शाखाकर्मियों द्वारा कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संग्रहण स्तर पर कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करने पर जोर दिया गया ताकि संग्राहकों को अधिक से अधिक तेंदूपत्ता प्राप्त हो सके और रोजगार के अवसर भी बढ़ें।

## विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या जेंडर एवं ईपिक रेशियो की दी गई जानकारी



शहडोल (स्वतंत्रमत)

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के सम्पन्न होने के पश्चात जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1034 है। विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी में मतदान केन्द्रों की संख्या 273 है। कुल मतदाताओं की संख्या 268273 है, जिसमें पुरूष मतदाओं की संख्या 140082 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 128190 है। अन्य मतदाता की संख्या 01 है। जेण्डर रेशियो 915.10 तथा ईपिक रेशियो 67.50 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र जयसिंहनगर में मतदान केन्द्रों की संख्या 330 है। कुल मतदाताओं की संख्या 252581 है, जिसमें पुरूष मतदाओं की संख्या 127913 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 124662 है। अन्य मतदाता की संख्या 06 है। जेण्डर रेशियो 974.58 तथा ईपिक रेशियो 63.11 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र जैतपुर में मतदान केन्द्रों की संख्या 331 है। कुल मतदाताओं की संख्या 239889 है, जिसमें पुरूष मतदाओं की संख्या 122051 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 117834 है। अन्य मतदाता की संख्या 04 है। जेण्डर रेशियो 965.44 तथा ईपिक रेशियो 56.76 प्रतिशत है। इस प्रकार जिले में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पश्चात जारी अंतिम मतदाता सचूी में 11750 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई जिसमें पुरूष मतदाताओं की 5475, महिला मतदाताओं की 6094 तथा 01 अन्य मतदाता की बढ़ोत्तरी हुई है। प्रेस कान्फ्रेंस में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे, राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, अरफाना बेगम एवं शहडोल जिले के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के संवाददाता उपस्थित रहें।

## पीड़िता से दुष्कर्म व मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** महिला थाना में फरियादिया द्वारा प्रस्तुत लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी राजकुमार सोनी पिता बलराम सोनी, निवासी ग्राम लेदरा थाना गोहपारू जिला शहडोल के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरियादिया के आवेदन पत्र के अनुसार आरोपी द्वारा वर्ष 2023 से शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया गया। फरियादिया द्वारा शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। 15 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर भी आरोपी द्वारा विवाह से इंकार करने के बावजूद फरियादिया के किराये के कमरे शहडोल में जाकर शारीरिक संबंध बनाया गया। पुन: विवाह की बात कहने पर आरोपी द्वारा फरियादिया के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त कार्यवाही के दौरान गोहपारू पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राजकुमार सोनी (उम्र 44 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



## हैदर रजा का जन्म दिवस आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** रविवार को पद्म श्री पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित विश्व के महान चित्रकारों में शुमार मरहूम सैयद हैदर रजा के जन्म दिवस पर उनके चाहने वाले उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित करेंगे। स्थानीय बिंझिया स्थित कब्रिस्तान में उनकी कब्र पर पहुंचकर रज़ा उत्सव में शामिल कलाकार व रज़ा साहब के चाहने वाले उन्हें पुष्पांजलि देंगे। रज़ा उत्सव के संयोजक योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आज रजा साहब का जन्म दिवस है। इस मौके पर रज़ा फाउंडेशन द्वारा रजा साहब व उनके पिता की कब्र पर चादर चढ़ाई जायेगी। प्रति वर्ष रज़ा साहब के जन्म दिवस और पुण्य तिथि पर रज़ा फाउंडेशन द्वारा रज़ा साहब व् उनके पिता की कब्र पर चादर चढ़ाई जाती है इस वर्ष भी बड़ी संख्या में कला प्रेमी 22 फरवरी की सुबह 10 बजे कब्रिस्तान पहुंचकर अपने चाहते कलाकार को श्रृद्धासुमन अर्पित करेंगे।


### कार्यालय नगर परिषद बकहो जिला शहडोल (म.प्र.)

नेशनल हाईवे मेन रोड बकहो (Ph . 9755485693) E-mail - cmobakho.shahdol@mpurban.gov.in

क्र/345/न.परि./2025-26 बकहो, दिनांक 16/02/2026

**ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त जेम पोर्टल पर पंजीकृत संविदाकार को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बकहो जिला शहडोल म.प्र. निकाय अन्तर्गत सामग्री हेतु ऑनलाईन अधिक व कम दर निविदाये जेम पोर्टल पर पंजीकृत संविदाकार से निम्नानुसार सामग्री हेतु दरें आमंत्रित की जाती है।

अनुसूची

| क्र | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | GEM/2026/B/ 7248180 | नगर परिषद बकहो हेतु स्वच्छता सामग्री क्रय | 9000.00 | 01 माह |
| 2 | GEM/2026/B/ 7247687 | नगर परिषद बकहो हेतु डिस्लज वाहन क्रय | 19000.00 | 06 माह |

1. इच्छुक संविदाकार विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.Gem.gov.in पर ऑनलाईन देख सकते है।
2. निविदा में संशोधन/परिवर्तन/परिवर्धन होने की दशा में सूचना ऑनलाईन ही जारी होगी पृथक से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बकहो
जिला शहडोल (म.प्र.)

# अवकाश के दिन सुलझाए गए कोर्ट कर्मचारियों के विवाद, त्वरित किए समाधान

## मुख्य न्यायाधीश की पहल पर मध्यस्थता प्रक्रिया का हुआ शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पहल पर न्यायिक इतिहास में एक नया अध्याय स्थापित किया है। जिला न्यायपालिका और उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के सेवा-संबंधी विवादों को बिना अनावश्यक विलंब के आपसी सहमति से निपटाने के उद्देश्य से मध्यस्थता प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया है। इस अभिनव अभियान के सफल संचालन की जिम्मेदारी प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया तथा न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल को सौंपी गई है। नियमित न्यायिक कार्यों को किसी भी प्रकार से बाधित किए बिना इस पहल की प्रभावशीलता प्रदर्शित करते हुए सार्वजनिक अवकाश वाले शनिवार, 21 फरवरी को उच्च न्यायालय परिसर के साउथ हॉल में एक विशेष मध्यस्थता सत्र का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न इस सत्र में कुल 43 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें



से 25 मामलों का संवाद एवं सहमति के आधार पर तत्काल निराकरण किया गया। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने कर्मचारियों के मध्य विश्वास और सौहार्द को और अधिक सुदृढ़ किया है।

### कई लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

शनिवार को आयोजित मध्यस्थता सत्र की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता की, बल्कि मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में पदस्थ कर्मचारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभावी रूप से भाग लिया। मध्यस्थता की इस तकनीक सक्षम एवं समकालीन व्यवस्था ने भौगोलिक दूरी की बाधाओं को समाप्त करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों के प्रकरणों का त्वरित पारदर्शी और परिणाममुखी निराकरण सुनिश्चित किया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि वर्ष 2005 एवं 2010 से लंबित प्रकरणों का भी सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, जिससे दीर्घकाल से लंबित मामलों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई।

### न्याय प्रणाली की दिशा में सशक्त कदम

यह पहल समयबद्ध, प्रभावी एवं उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के मार्गदर्शन में ऐसे मध्यस्थता सत्र भविष्य में नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। इससे कर्मचारियों को त्वरित एवं किफायती न्याय उपलब्ध होगा तथा यह प्रक्रिया सुलभ, व्यावहारिक और प्रभावी न्याय प्रणाली की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। यह प्रेरणादायी और अभूतपूर्व पहल न्यायिक संस्कृति में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत देती है। वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को सुदृढ़ करते हुए यह न केवल समय और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करेगी, बल्कि न्याय व्यवस्था की दक्षता और विश्वसनीयता में भी उल्लेखनीय वृद्धि करेगी-एक ऐसा कदम जो पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह राठौड़ सहित अन्य रजिस्ट्रारगण उपस्थित रहे। साथ ही हाई कोर्ट पैनल के वरिष्ठ अधिवक्तागण आदित्य अधिकारी, अनूप नायर, बीएन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको में ई-ऑफिस का सुचारु क्रियान्वयन

### प्रदेशभर में चरणबद्ध रूप से किया गया लागू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




मप्र शासन की मंशानुसार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में ई-ऑफिस प्रणाली का सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन किया गया है। इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में चरणबद्ध रूप से लागू किया गया है।

इसके अंतर्गत मुख्यालय शक्ति भवन स्थित विभागों सहित प्रदेश के समस्त फील्ड एवं वृत कार्यालयों में विभागीय पत्राचार, नोटशीट तथा अन्य कार्यालयीन कार्य अब ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। एमपी ट्रांसको के आईटी हेड डॉ हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन कंपनी के आईटी-ईआरपी संकाय द्वारा योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न चरणों में किया गया।

प्रथम चरण में मुख्यालय शक्ति भवन, जबलपुर स्थित कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ किए गए। इसके पश्चात दूसरे चरण में प्रदेश के अन्य क्षेत्रीय एवं फील्ड कार्यालयों में भी इस प्रणाली को लागू किया गया। इसमें प्रोग्रामर नीलम मर्सकोले का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### लगातार दिया जा रहा है प्रशिक्षण

ई-ऑफिस की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से अपनाने के लिए अधिकारियों से लेकर संबंधित कर्मचारियों तक सभी को निरंतर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आईटी-ईआरपी संकाय के प्रोग्रामर प्रवीण शुक्ला द्वारा विभिन्न कार्यालयों में पहुंचकर टेबल-टू-टेबल एवं आनलाइन व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया है। साथ ही कर्मचारियों एवं अधिकारियों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष बनाया गया है।

ई-ऑफिस प्रणाली के सफल संचालन के लिए मुख्यालय शक्ति भवन में एक समर्पित हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जिसमे नीलम मर्सकोले, प्रोग्रामर द्वारा आवश्यक तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।



# हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया जाएगा प्रत्येक छात्रा का जन्मदिन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी द्वारा महाविद्यालय में प्रत्येक छात्रा का जन्मदिन मनाने की एक नई परंपरा का प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी का प्रारंभ करते हुए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा सरला भलावी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य द्वारा तिलक लगाकर, सैश व क्राउन पहनाकर उसका अभिनंदन किया। महाविद्यालय की उप-प्राचार्य, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा, कार्यालीन कर्मचारी अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे आदि सभी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। अपने जन्मदिन के उत्सव को देखकर छात्रा सरला भलावी भावुक हो गई व सभी को धन्यवाद दिया । सभी छात्राओं ने भी उसे जन्मदिन की बधाई दी । सभी छात्राओं ने इस पहल का स्वागत किया व अत्यधिक उत्साह जताया ।

# मूल्यांकन कार्य में लापरवाही पर होगी सख्त कार्यवाही : डीईओ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ कक्षा 12वीं के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की शुरुआत दिनांक 22 फरवरी (रविवार) से की जा रही है। इसी क्रम में 21 फरवरी को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 184 मूल्यांकनकर्ताओं का व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में कक्षा 12वीं के अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं विज्ञान के तत्व विषयों का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी



कि इस वर्ष मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति मंडल के अधिकृत मोबाइल ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी तथा प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को न्यूनतम 45 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मूल्यांकनकर्ता निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा मूल्यांकन के साथ-साथ अंकों की ऑनलाइन फीडिंग तत्काल सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मंडल द्वारा त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन पर दंडात्मक प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न परिस्थितियों में 100 प्रति अंक, 1000 प्रति प्रकरण तक आर्थिक दंड तथा आवश्यकतानुसार विभागीय जांच की कार्यवाही भी की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र के प्रेक्षक राममोहन तिवारी ने मूल्यांकनकर्ताओं से पूर्ण निष्ठा एवं विवेक के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहने की जानकारी दी। परीक्षा प्रभारी एवं सहायक संचालक श्री राजकुमार बधान ने मूल्यांकन ऐप की कार्यप्रणाली समझाई तथा तकनीकी बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी एवं प्राचार्य रुक्मणी कनोजिया ने बताया कि प्रथम चरण में लगभग 100 मूल्यांकनकर्ता कार्य करेंगे तथा मूल्यांकन का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# न्यायिक कर्मचारियों ने कराया सर्वधर्म रोजा अफतार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रतिवर्षानुसार मप्र हाईकोर्ट तथा सिविल कोर्ट में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों के द्वारा 12वे वर्ष हाईकोर्ट के सामने स्थित कचहरी वाले बाबा दरगाह में सर्वधर्म रोजा अफतार का आयोजन किया गया। रोजा अफतार में सभी धर्म के लोगों ने भाग लिया। तदोपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा कर देश में अमन चैन शांति और तरक्की



की दुआ की गई। इस अवसर पर न्यायिक कर्मी मिर्जा बाबर, इकबाल कमाल, हाजी मुईन खान, मंजूर अहमद, ताबिश खान, इरफान सिद्दीकी, मोहसिन कुरैशी, तजम्मुल हुसैन, मो. साबिर, मेहमूद अंसारी, कुदरत खान, मो. जरीफ आदि की उपस्थित रहे।

# विश्व मातृ भाषा दिवस पर विविध आयोजन



सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में हिंदी विभाग द्वारा विश्व मातृभाषा दिवस के शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अभिव्यक्ति संस्था के साहित्यकारों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार पाठक ने मातृभाषा हिंदी की वैश्विक स्थिति के विषय पर अपना उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुणा पाण्डे ने माता की भाषा को ही मातृ भाषा बताते हुए संबोधित किया । डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी (विभागाध्यक्ष हिंदी) ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति से परिचित कराया । प्राचार्य ने कहा कि हिंदी को सर्वप्रथम हमें आत्मसात करना चाहिए और इन्हीं शब्दों के माध्यम से हिंदी की वैश्विक स्थिति के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया । इसी क्रम में एम.ए. हिन्दी एक वर्षीय पाठ्यक्रम के (1) साक्षी चौरसिया एवं (2) रागनी कुर्मी द्वारा मातृभाषा विषय पर आलेख वाचन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल राजपूत (हिंदी विभाग) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही ।



### काजल महावर को मिली पीएचडी उपाधि

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस के अंतर्गत काजल महावर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। काजल वर्तमान में संत अलॉयसियस महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। आप स्वामेश गुप्ता की धर्मपत्नी एवं हरीश नारायण-अनीता महावर की सुपुत्री एवं प्रदीप कुमार-राधा गुप्ता की पुत्रवधू हैं।

# राज्य सभा सांसद की कार को दूसरी कार ने मारी टक्कर

### रांझी थाना क्षेत्र की घटना, फरार हुआ कार चालक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना क्षेत्र स्थित गोकलपुर के पास शुक्रवार की देर रात एक तेज रफ्तार से दौड़ रहे कार चालक ने राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक की कार को टक्कर मारी और फिर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार श्रीमती बाल्मीक ने अपनी शिकायत में बताया कि वे धनवंतरि नगर में आयोजित शादी समारोह से रात करीब 11.40 बजे कार से वापस लौट रही थीं। लक्ष्मी मंदिर के पास पीछे से एक कार चालक बेहद तेज गति से आया और टक्कर मारकर खमरिया की तरफ पर भाग निकला। इस हादसे में कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बहरहाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।







# आखिरी दम तक संघर्ष करेगा ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि शनिवार को ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड एसएन पाठक का एसक्यूएई और एलपीआर आयुध निर्माणी खमरिया में आगमन हुआ। जहां कामरेड जितेंद्र यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया। इस अवसर फेडरेशन के संगठन मंत्री कामरेड अरनव दास गुप्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमरीश सिंह उपस्थित रहे। जहां पर श्री पाठक विस्तृत रूप से फेडेरेशन के होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी और भविष्य में बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने के लिए कहा एवं कार्यक्रम के पश्चात कामरेड पाठक का लेबर यूनियन कार्यालय में भी जोरदार स्वागत किया गया एवं निर्माणी कर्मचारियों के साथ कामरेड पाठक रूबरू हुए सभी कर्मचारियों को 8वां कमिशन कॉरपोरेटाइजेशन अनुकंपा नियुक्ति, पेमेंट जैसे विषयों पर फेडरेशन का रुख स्पष्ट किया एवं सभी कर्मचारियों को अस्वस्थ किया की ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज आखरी दम तक संघर्ष करेगा। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, महामंत्री सुकेश दुबे, जेसीएम मेंबर सुरेश काना, सिमेंद्र रजक, कार्य समिति सोसाइटी जूनियर स्टाफ क्लब के सभी साथी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने समझी हृदयाघात की शीघ्र पहचान, सीखा सीपीआर का महत्व

### जिनसार में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अमेरिकन हार्ट मंथ के उपलक्ष्य में जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार) द्वारा कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अमेरिकन हार्ट मंथ प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जीवन रक्षक कौशल को प्रोत्साहित करना है, जिसकी शुरुआत अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन द्वारा की गई थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हृदयाघात की शीघ्र पहचान तथा समय पर सीपीआर प्रारंभ करने के महत्व के बारे में शिक्षित करना था, जिससे जीवन बचाया जा सके। यह कार्यक्रम



प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि डॉ. अंचल एस. सैमुअल, एनएससीबी मेडिकल कॉलेज के स्वागत से हुई। स्वागत भाषण प्रो. डॉ. सुरभि केहरी मैडम द्वारा दिया गया तथा महाविद्यालय का परिचय डॉ. अनुप तिवारी सर द्वारा प्रस्तुत किया गया। हृदय स्वास्थ्य के महत्व, हृदय संबंधी रोगों के जोखिम कारकों तथा समय पर सीपीआर के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण (हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस) भी प्रदान किया गया।

### विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

सत्र में चेन ऑफ सर्वाइवल की अवधारणा पर प्रकाश डाला गया तथा यह बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में तुरंत छाती पर दबाव देने से जीवन रक्षा की संभावना काफी बढ़ जाती है। सीपीआर का एक जीवंत प्रदर्शन मैनिकिन के माध्यम से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बेसिक लाइफ सपोर्ट की सही प्रक्रिया सिखाई गई। इसमें प्रतिक्रिया की जांच करना, सहायता के लिए पुकारना, छाती पर दबाव देना तथा रेस्क्यू ब्रीदिंग जैसे महत्वपूर्ण चरण शामिल थे।

विद्यार्थियों को सीपीआर तकनीक का अभ्यास करने हेतु प्रत्यक्ष प्रशिक्षण भी दिया गया। यह कार्यक्रम आपातकालीन हृदय देखभाल के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में अत्यंत सफल रहा। सत्र ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया तथा वास्तविक जीवन स्थितियों में सीपीआर करने के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन अर्निका जोसेफ द्वारा किया गया तथा अंत में अरविंद यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रबंधन, संसाधन व्यक्तियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया, जिससे यह कार्यकम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# बालाघाट में बच्चा अपहरण की घटना झूठी और भ्रामक

## भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी : एसपी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जिले में इन दिनों सोशल मीडिया पर बच्चा अपहरण को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों को पुलिस ने सिरे से खारिज किया है। पुलिस के अनुसार, व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जा रही तीन अलग-अलग घटनाएं पूरी तरह असत्य और निराधार हैं। जिले के पहली अफवाह कटंगी थाना क्षेत्र से एक 8 वर्षीय बालक के अपहरण के प्रयास, दूसरी अफवाह लालबर्रा थाना क्षेत्र के मिरेगांव से कक्षा चौथी की बालक के अपहरण की कोशिश और तीसरी अफवाह किरनापुर थाना क्षेत्र के मौदा गांव की आंगनबाड़ी से 3 वर्षीय बालक के अपहरण की शोषल मीडिया पर अफवाह फैलाई जा रहीं है। इन तीनों ही मामलों में कोई भी आपराधिक घटना घटित नहीं हुई है। सभी सूचनाएं जांच में अफवाह पाई गई हैं। पुलिस ने कहा कि झूठी व भ्रामक जानकारी शोषल मीडिया पर फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।



जानकारी अनुसार, पुलिस ने यह भी बताया कि इन दिनों सोशल मीडिया पर चार महिलाओं की तस्वीरें साझा कर उन्हें बालाघाट में बच्चा चोर गिरोह बताने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह झूठ और भ्रामक है। ऐसी किसी भी गैंग के सक्रिय होने की पुष्टि नहीं हुई है। एसपी आदित्य मिश्रा ने कहा कि यह महिलाओं की शोषल मीडिया पर युपी, बिहार, राजस्थान और कुछ बालाघाट में भ्रामक जानकारी फैलाई जा रहीं हैं कि यह बच्चा चोर गैंग है। यह सब गलत जानकारी है। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में बच्चा चोरी की कोई घटना नहीं हुई है। वर्तमान में व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित की जा रही जानकारी पूर्णतः असत्य और भ्रामक हैं। भ्रामक समाचार प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी हैं।

### कटंगी से बच्चा चोरी की अफवाह निराधार

थाना कटंगी क्षेत्र के ग्राम कतरकना में बच्चा चोरी की फैल रही अफवाह को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूर्णतः निराधार बताया है। 21 फरवरी को पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कटंगी पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और गंभीरता से जांच प्रारंभ की गई। जांच में सामने आया कि ग्राम कतरकना निवासी कक्षा दूसरी में अध्ययनरत 8 वर्षीय बालक प्रतिदिन की तरह पैदल स्कूल जा रहा था। इसी दौरान शुभम पिता रामकिशोर नागेश्वर, निवासी बूढ़ी जो फाइनेंस कटंगी में कार्यरत हैं, ने बच्चे को सहायता के उद्देश्य से स्कूल तक छोड़ने का प्रस्ताव दिया। जिससे बच्चे को रोता देख ग्रामीण एकत्रित हो गए और संबंधित व्यक्ति को पकड़ लिया।

पुलिस द्वारा तथ्यात्मक जांच एवं सत्यापन किया गया, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि किसी प्रकार की बच्चा चोरी की घटना नहीं हुई थी। संबंधित व्यक्ति की मंशा केवल सहायता करने की थी।

### दूसरी घटना लालबर्रा के मिरेगांव से

लालबर्रा के बालाघाट रोड़ मिरेगांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप 19 फरवरी की सुबह को एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक नाकाब पहनकर स्कूल जा रही कक्षा चौथी की बालिका का अपहरण करने की कोशिश का मामला सामने आया था। पुलिस ने बताया कि पुरी तस्दीक करने के बाद यह घटना भ्रामक थीं, कोई भी ऐसा संदेह दिखाई नहीं दिया। छात्रा ने गलत जानकारी दी और आगनबाड़ी अधिकारी ने भी एक लेटर निकाल दिया जो गलत जानकारी थी।

### तीसरी घटना किरनापुर के मौदा की

किरनापुर थाना के मौदा की आगनबाड़ी से 3 वर्षीय छात्र के अपहरण की कोशिश की घटना केवल शोषल मीडिया में अफवाह फैलाया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि 15 जनवरी की दोहपर में एक व्यक्ति शराब के नशे में छात्र का बड़ा पिता बच्चें को लेने आया था, हमने उसे पहचाना नहीं और फिर हमने ही छात्र को घर छोड़ दिए लेकिन कुछ दिनों से शोषल मीडिया में भ्रम फैलाया जा रहा हैं कि उसका अपहरण करने की कोशिश की गई है। पुलिस ने जांच में पाया कि यह बाते झूठी और भ्रामक हैं।

### पुलिस की अपील

आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसका सत्यापन अवश्य करें। अफवाह फैलाने अथवा बिना पुष्टि के भ्रामक समाचार प्रसारित करने वालों के विरुद्ध वैधानिक प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**आदित्य मिश्रा**
**पुलिस अधीक्षक बालाघाट**



# सीआरपीएफ की ट्रेनिंग के लिए रवाना हुआ गांव का बेटा

कटंगी(स्वतंत्र मत)।

कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कटेरा के युवक अखिलेश शनिचरे का बीते दिनों केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी (सीआरपीएफ) में चयन हुआ है। यह खबर जैसी ही गांव में पहुंची ही परिजनों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने इसे पूरे गांव की उपलब्धि बताया और युवक को बधाई देने के लिए लोग उमड़ पड़े थे। शुक्रवार 20 फरवरी की शामयुवक को ट्रेनिंग के लिए रवाना करने से पहले गांव में लघु समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ढोल-नगा? बजाए गए। बुजुर्गों ने युवक को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। युवाओं ने फूल मालाओं से उसका स्वागत किया और ट्रेनिंग करने के लिए विदा किया। सरपंच प्रतिनिधि संजय सोनी ने बताया कि सीआरपीएफ में चयन के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है। युवक की इस सफलता ने गांव के अन्य युवाओं को भी देश सेवा के क्षेत्र में आगे बड़ने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर देशभक्ति के नारे भी लगाए गए।

# निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन



### राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई निर्वाचक नामावली

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात बालाघाट जिले की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को कर दिया गया है। 21 फरवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर एसआईआर के पश्चात तैयार की गई पुनरीक्षित मतदाता सूची की जानकारी दी गई। इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षित मतदाता सूची की विधानसभा क्षेत्रवार एक-एक प्रति सौंपी । इस अवसर पर बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के श्री शफखत खान, बहुजन समाज पार्टी के इंजीनियर महेन्द्र , भारतीय जनता पार्टी के श्री संजय अग्निहोत्री एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित थे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के पश्चात 21 फरवरी 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अनुसार बालाघाट जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्यार 13 लाख 23 हजार 466 है, जिसमें पुरूष मतदाता 06 लाख 58 हजार 255, महिला मतदाता 06 लाख 65 हजार 203 एवं थर्ड जेंडर मतदाता 08 है। बालाघाट जिले में मतदाता सूची का जेंडर रेशो( लिंगानुपात ) 1011 है, जो कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में सबसे अधिक है। जिले की मतदाता सूची का ईपिक रेशो 68.48 है। जिले में सर्विस वोटर की संख्या 1531 है, जिसमें 1443 पुरूष वोटर एवं 88 महिला वोटर शामिल है। बालाघाट जिले में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 20 हजार 246 है, जिसमें 10 हजार 285 पुरूष एवं 9961 महिला शामिल है।

जिले में दिव्यांग एवं अशक्त मतदाताओं की संख्या 11 हजार 92 है, जिसमें पुरूष मतदाता 5962 एवं महिला मतदाता 5130 शामिल है। बालाघाट जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1785 है।

# 6 माह की बच्ची को आवारा कुत्ते ने नोंचा



**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम पाथरवाड़ा से दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक 06 माह की मासूम बच्ची को आवारा कुत्ते ने बुरी तरह से नोंच लिया हैं। घटना के बाद बच्ची को सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार शनिवार की सुबह करीब पौने 10 बजे पाथरवाड़ा में दुर्गाप्रसाद की 06 माह की बेटी वीणा को आवारा कुत्ते ने नोंच लिया। जिससे वीणा के चेहरे पर घाव बने है। इस हादसे की सूचना संजीवनी 108 को दी गई। ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलट दिलीप उइके घटनास्थल पर पहुंचे उन्होंने बच्ची को अस्पताल लाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को सुबह 11 बजे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

# बाइक अनियंत्रित होकर खेत में घुसी, दो भाई घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के बड़ागांव से एक दर्दनाक सड़क हादसे दो सगे भाईयो के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार गांव के दो सगे भाई बाइक से कहीं घूमने जा रहे थे, तभी अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान अनिल कोल पिता महेश कोल एवं सूरज कोल (उम्र 22 वर्ष) पिता महेश कोल, निवासी बड़ागांव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और वाहन सीधे खेत में उतर गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 जिला प्रबंधक उमरिया द्वारा तत्काल 108 जननी एंबुलेंस मौके पर भेजी गई। एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक सहायता देते हुए दोनों घायलों को पाली अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।हादसे के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# नक्सल मोर्चे के वीर शहीद आशीष शर्मा की प्रतिमा का लोकार्पण

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

नक्सल मोर्चे पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूत शहीद आशीष शर्मा की स्मृति आज बालाघाट की धरती पर एक बार फिर जीवंत हो उठी। 21 फरवरी, उनके जन्मदिवस के अवसर पर ग्रामीण थाना परिसर में उनकी प्रतिमा और स्मृति उद्यान का लोकार्पण किया गया। यह लोकार्पण बालाघाट के पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस भावुक क्षण के साक्षी बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पुलिस अधिकारी और जवान बने।

समारोह के दौरान जब प्रतिमा से आवरण हटाया गया, तो मानो समय ठहर सा गया। उपस्थित लोगों की आंखें नम थीं, लेकिन सीना गर्व से चौड़ा था। पुलिस अधिकारियों ने शहीद आशीष शर्मा के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति को याद करते हुए कहा



कि वे केवल एक अधिकारी नहीं, बल्कि साहस और समर्पण की मिसाल थे।

19 नवंबर की वह रात आज भी हर किसी के मन में ताजा है। तीन राज्यों के सुरक्षाबल संयुक्त रूप से एंटी नक्सल अभियान पर निकले थे। पुख्ता सूचना थी कि छत्तीसगढ़ के कुर्रेझर थाना क्षेत्र के बोर तालाब से छह किलोमीटर अंदर जंगल में नक्सली छिपे हैं। आधी रात को तीन टीमें सर्चिंग पर रवाना हुई, जिसमे एक टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर आशीष शर्मा कर रहे थे। जैसे ही जवान जंगल में आगे बढ़े, घात लगाए नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन गोलियों की बौछार के बीच भी आशीष शर्मा ने अदम्य साहस का परिचय दिया और मातृभूमि की रक्षा करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए।

आज उनकी प्रतिमा केवल पत्थर की मूर्ति नहीं, बल्कि त्याग, शौर्य और बलिदान की जीवंत प्रतीक है। बालाघाट की यह धरती सदैव अपने इस वीर सपूत को नमन करती रहेगी।




# नगर परिषद मानपुर में नागरिकों को आ रहे लाखों रुपये टैक्स भरने के मैसेज, अध्यक्ष ने दिए जांच के निर्देश

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के मानपुर नगर परिषद क्षेत्र में इन दिनों संपत्ति कर के भारी-भरकम बकाया राशि संबंधी मोबाइल संदेशों ने नागरिकों में खलबली मचा दी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से भेजे जा रहे इन संदेशों में दर्शाई गई रकम लोगों के होश उड़ा रही है। कई नागरिकों को 2 लाख, 7 लाख से लेकर 10 लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि जमा करने के नोटिस प्राप्त हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जितनी राशि कर के रूप में बताई जा रही है, उतनी मूल्य की संपत्ति ही उनके पास नहीं है। अचानक इतने बड़े कर की मांग से आम नागरिकों में आक्रोश और असमंजस की स्थिति बन गई है। वही मानपुर नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने कहा कि उचित कर का होगा निर्धारण कुछ समय पहले एक एजेंसी द्वारा नगरीय क्षेत्र अंतर्गत घर-घर जाकर जीआईएस सर्वे किये गये थे। ऐसा लगता है कि सर्वे में एरिया अधिक फीड किये जाने से यह स्थिति निर्मित हुई है। उसी आधार पर कम्प्यूटर जनरेटेड मैसेज मोबाइल पर आ रहे हैं। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं। नागरिकों की वास्तविक प्रॉपर्टी के अनुसार उचित कर निर्धारण किया जायेगा।

# नेता प्रतिपक्ष पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का किया पुतला दहन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के समर्थन में शुक्रवार 20 फरवरी को उमरिया जिला मुख्यालय के गांधी चौक उमरिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में उनका पुतला दहन किया गया।

यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष मिथलेश राय एवं युवा कांग्रेस अनुराग सिंह अंबुज के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। विरोध प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मिथलेश राय ने कहा कि



लोकतांत्रिक परंपराओं और विधानसभा की गरिमा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। नेता प्रतिपक्ष के प्रति की गई टिप्पणी न केवल व्यक्तिगत आक्षेप है, बल्कि सदन की मर्यादा के भी विपरीत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजी. विजय कुमार कोल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की गरिमा और जनप्रतिनिधियों के सम्मान की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भाषा लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है और कांग्रेस पार्टी इसका कड़ा विरोध करती है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई गईं तो कांग्रेस पार्टी और व्यापक जनआंदोलन करेगी। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस तथा सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम में संगठन महासचिव श्री पुष्पराज सिंह, जिला निर्वाचन प्रभारी शिशुपाल यादव, वीरेंद्र सिंह सेंगर, ध्रुव सिंह परिहार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# कलेक्टर ने पाली में संकल्प से समाधान शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने पाली विकासखंड में आयोजित संकल्प से समाधान के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन किया तथा शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान में लाड़ली लक्ष्मी की हितग्राही नव्या सिंह, मेहविश खान, पूर्वी केवट, अक्षिता सेन, संबल योजना के हितग्राही दुर्गा सिंह, मुन्नी बाई, कमल सिंह, कमलेश बैगा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नीलेश बैगा, विमल सिंह, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के हितग्राही रामबचन चौधरी, शीतल सोनी, किरन बर्मन, गीता यादव, मंजूलता बर्मन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही दिव्या रजक, रूबी सोनी, कुसुम, आंचल, प्रेरणा सिंह को हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर नगर पालिका पाली अध्यक्ष शंकुतला प्रधान,एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले, सीएमओ पाली भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण का किया गया अंतिम प्रकाशन

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के मान से निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया गया । जिसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक मे बताया गया कि 89 बांधवगढ में 302 तथा 90 मानपुर में 341 कुल 643 मतदान केंद्र है। उन्होने बताया



कि 23 दिसंबर 2025 तक कुल मतदाताओ की संख्या 458493 थी, जिसमें 89 बांधवगढ में मतदाताओं की संख्या 218611 एवं 90 मानपुर में 239882 शामिल है। अंतिम प्रकाशन में कुल मतदाताओ की संख्या 466863 है जिसमें 89 बांधवगढ में मतदाताओ की संख्या 222140 तथा 90 मानपुर में मतदाताओ की संख्या 244723 है। एसआईआर के दौरान फार्म 6, फार्म -7, फार्म -8 प्राप्त होने कि संख्या 17405 है जिसमें से 15901 पात्र पाए गए तथा अपात्रो फार्मो की संख्या 1504 है। उन्होने बताया कि सर्विस वोटरो की संख्या 212 है जिसमें 89 बांधवगढ में 126 तथा 90 मानपुर में 86 सर्विस वोटर शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी वोटरो की संख्या 3557 है जिसमें 89 बांधवगढ में 1480 तथा 90 मानपुर में 2077 शामिल है। सिनियर सिटीजन की संख्या 2499 है जिसमें 89 बांधवगढ में 1201 तथा 90 मानपुर में 1298 शामिल है।

बैठक में बताया गया कि जिले के समस्त मतदान केन्द्रो में भी अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन करते हुए चस्पा किया गया है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया,मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो से धनुषधारी सिंह, इंजी. विजय कोल, प्रदीप रजक, शिशु पाल यादव, मिथिलेश राय, नीरज यादव, निर्वाचन कार्यालय से निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया, दिलीप श्रीवास, गणेश सोनी उपस्थित रहे।

# जेल में बंदियों के सुधार कार्यक्रम अंतर्गत श्रीमद भागवत कथा का आयोजन जारी

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जिले में पहली बार जिला जेल में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जेल का नाम लेते ही हमारे मन मे बुरे ही ख्यालात और तसवीर सामने आता है लेकिन जेल अधीक्षक ने इन सभी को झूठा साबित करते हुए जेल को एक घर बना दिया है और बंदियों के उत्थान के लिए अथक प्रयास करने से नही चूकते। उन्ही के प्रयास से आज उमरिया जेल की दशा और दिशा बदल चुकी हैं। 18 फरवरी से 24 फरवरी तक होने वाले भागवत कथा में शनिवार 21 फरवरी को कथा के चौथे दिन भागवत कथा में कृष्ण जन्म से



जुड़ी कथा का व्याख्यान किया गया जिसमें गंगा अवतरण कैसे हुआ और भगीरथ ने कैसे कठिन तपस्या से माँ गंगा को स्वर्ग से धरती पर लाये और अपने पूर्वजों का उद्धार किया।कथा के दौरान सभी बंदियों के बीच में भक्तिमय माहौल रहा। सत्संग से जीवन में कैसे सुधार हो तथा आचार विचार शुध्द हो एवं अपराध से आध्यात्म की ओर चलकर जेल में रहकर भगवान का भजन करे। अपनी उर्जा शक्ति को देश हित में रखकर स्वयं के आचरण को पवित्र रखें। कथा व्यास महंत सच्चिदानंद जी महाराज के द्वारा यह कथा कही जा रही है। सत्संग और जीवन का संग दोनो अच्छा रखना चाहिये। जीवन में कितना भी संघर्ष हो मुस्कुराते हुए व्यतीत करे। चरित्र से ही जीवन का निर्माण होता है। इस कथा में संगीतमय भजन प्रस्तुत कर रहे श्री प्रमोद एवं घनश्याम कछवाहा, जो पोंडी नैनपुर जिला मंडला निवासी है उनके द्वारा आर्गन एवं ढोलक पर भजनध्गीत की प्रस्तुति से बंदीगण मंत्रमुग्ध होकर संगीत मय भजन का आनंद लेकर भाव-विभोर हो रहे है। जेल में बंदियों ने भक्तिमय वातावरण बना कर स्वयं को सुधारने का अच्छा प्रयास कर रहे है।

### सीवर लाइन ठेका कम्पनी की गतिविधियों को लेकर लोगों में नाराजगी

# केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

मण्डला (स्वतंत्र मत)।





मंडला नगर पालिका की सीवरेज परियोजना को लेकर अनेक सवाल आज भी जस के तस दिखाई दे रहे हैं। विगत कई वर्षो से चल रहे कामों को कब पूरा किया जाएगा। यह नगर की जनता जानना चाह रही है। सीवर कम्पनी ने जहां पर भी काम किया है। प्राय: अधिकांश काम अधूरे पड़े है सड़कों की मरम्मत में लापरवाही बरती गई तो वहीं घरों के कनेक्शन में भी लापरवाही दिखाई दी है अनेक घरों को कनेक्शन से नही जोड़ा गया है। नगर के वार्डो में बनें चेम्बर भी लगातार क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। चेम्बरों की साफ सफाई मे ठेका कम्पनी लापरवाही बरत रही है और गंदा पानी आज भी नर्मदा जी में जा रहा है। वहीं कलेक्टर ने भी बैठक में जबावदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए सुधार किए जाने की बात कहीं हैं। बीते दिनों जर्मन विकास सहयोग संस्था केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने जबलपुर पीआईयू अंतर्गत आने वाली मंडला नगर पालिका की सीवरेज परियोजना का स्थल पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने परियोजना के विभिन्न घटकों का अवलोकन करते हुए कार्यों की प्रगति गुणवत्ता तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा भविष्य में संभावित चुनौतियों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्ट नीति बेहतर समन्वय एवं समयबद्ध कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया। साथ ही परियोजना के दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के अवसर पर केएफडब्ल्यू के विशेषज्ञ लुकास एवं राहुल मनकोटिया के साथ मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर, उप परियोजना प्रबंधक अभय जैन, सामुदायिक विकास अधिकारी अपराजिता मिश्रा तथा सामुदायिक विशेषज्ञ छाया खले सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल एवं परियोजना से जुड़े अधिकारियों के बीच विस्तृत परस्पर संवाद भी हुआ जिसमें परियोजना की प्रगति आगामी कार्ययोजना सामुदायिक सहभागिता तथा संचालन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए परियोजना को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के लिए समन्वित प्रयास जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। बता दें शहर में इन दिनों विकास के नाम पर ऐसा काम चल रहा है जिसने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें अब वार्डवासियों के लिए मुसीबत का कारण बन चुकी हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी सड़कें बदबूदार कीचड़ और धूल का गुबार वार्ड की पहचान बन गया है। कंपनी द्वारा सीवर लाइन डालने का कार्य पिछले कई सालों से जारी है लेकिन काम की रफ्तार और गुणवत्ता दोनों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि कंपनी ने सड़कें तो खोद दीं लेकिन उन्हें सही तरीके से भरने और मरम्मत करने की जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बरती जा रही है। परिणामस्वरूप रोजमर्रा का जीवन प्रभावित हो रहा है और हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई गलियों में सड़क खोदकर सीवर पाइप डाल दिए गए लेकिन उसके बाद महीनों तक सड़कें जस की तस पड़ी रहीं। कहीं मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया तो कहीं सिर्फ पत्थर बिछाकर खानापूर्ति कर दी गई। बरसात में यही मिट्टी कीचड़ में बदल जाती है और गर्मी में धूल बनकर घरों में घुस जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना इन गड्ढों और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। बुजुर्ग और महिलाएं तो घर से निकलने में भी डर महसूस कर रही हैं। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और चारपहिया वाहन भी कई जगहों पर फंस जाते हैं। वार्डवासियों ने बताया कि कई स्थानों पर सीवर लाइन के ढक्कन ठीक से नहीं लगाए गए हैं जिससे बदबू फैल रही है। कुछ जगहों पर पाइपलाइन में लीकेज की भी शिकायत है। इससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय चिकित्सकों का कहना है कि गंदगी और जलभराव से डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं। सड़क खुदाई का सबसे ज्यादा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ा है। किराना दुकानदारों सब्जी विक्रेताओं और अन्य छोटे व्यवसायियों का कहना है कि ग्राहक दुकान तक पहुंच ही नहीं पा रहे। टूटी सड़क और गड्ढों के कारण लोग उस रास्ते से बचने लगे हैं। वार्डवासियों ने कई बार नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं आश्वासन देते हैं और फिर सब कुछ पहले जैसा ही चलता रहता है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि कंपनी बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए काम कर रही है। खुदाई के दौरान न तो उचित बैरिकेडिंग की गई और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए। इससे बच्चों और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है। पिछले कुछ महीनों में कई छोटे-बड़े हादसे सामने आए हैं। एक बुजुर्ग महिला गड्ढे में गिरकर घायल हो गईं, वहीं एक बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो गया। हालांकि अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, लेकिन हालात को देखते हुए वार्डवासी आशंकित हैं कि कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

# अनुकंपा नियुक्ति मिलते ही दिखी खुशी

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



जिला योजना भवन में आयोजित स्मृति सुमन शिविर के दौरान अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम में पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने 7 हितग्राहियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना तथा एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित अन्य अधिकारी एवं संबंधित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री श्रीमती उइके ने अपने संबोधन में कहा कि जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है उनके दु:ख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। ऐसे परिवारों पर दु:ख का पहाड़ टूटता है।

उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र परिवारों के दस्तावेजों का परीक्षण कर अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष का पहला स्मृति सुमन शिविर है। पिछले वर्ष ऐसे तीन शिविर आयोजित किए गए थे। अब तक सौ से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। मंत्री श्रीमती उइके ने नियुक्ति प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से कहा कि जिस विश्वास और निष्ठा के साथ उनके परिजनों ने सेवा की वे भी उसी समर्पण के साथ कार्य करें।

यह नियुक्ति केवल एक पद तक सीमित न रहे बल्कि अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

# सहायक आयुक्त को कारण बताओ नोटिस

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के द्वारा संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पाया गया कि सहकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित सेवाओं के क्रियान्वयन में प्रगति अत्यंत न्यून है। इसके अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड (सहकारी बैंकों) के माध्यम से कुल 206 आवेदन, स्वीकृत 145 आवेदन, कुल 146 निराकृत एवं लंबित 60 आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान साख पत्र जारी करना के कुल 16 आवेदन, स्वीकृत 9 आवेदन, कुल 9 निराकृत एवं लंबित 7 आवेदन तथा किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत किसान साख पत्र का नवीनीकरण के कुल 9 आवेदन, स्वीकृत 3 आवेदन, कुल 3 निराकृत एवं 6 लम्बित आवेदन हैं। संकल्प से समाधान अभियान को प्रारंभ हुए 20 दिन से अधिक की अवधि के बाद भी निर्धारित सेवाओं का मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की प्रगति अत्यंत न्यून है। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग मंडला के सहायक आयुक्त अरूण कुमार मसराम को इस संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। आपके विभागीय दायित्वों एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लिया जा रहा है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है। आपका उक्त कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। आपका उपरोक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1) उप नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होने से दण्डनीय कृत्य है। अत: उक्त संबंध में आप अपना लिखित उत्तर पत्र प्राप्ति के दो दिवस के अन्दर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयवाधि में तथा संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## साइबर नशामुक्ति पर जागरूकता

*मण्डला ( स्वतंत्र मत )। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना टिकरिया के बोरिया, थाना मवई के बसनी, सठिया, थाना मोहगांव के पोपरिया, थाना निवास के मोहपानी, थाना मोतीनाला के जैतपुरी, थाना बिछिया के भुआ बिछिया, थाना बीजाडांडी के देवझर एवं चौकी पिंडरई के जलतरा, चौकी हिरदेनगर के मधुपुरी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।*

# योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी जानकारी के अनुसार योजना के तहत कोदो-कुटकी राइस, राइस मिल, आटा चक्की, गुड़, मसाला यूनिट, अचार, पापड़, चिप्स, ऑयल मिल, नमकीन उद्योग, टमाटर केचप, सॉस तथा अन्य प्राथमिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। व्यक्तिगत श्रेणी में जिले को 81 इकाइयों का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिनमें से 63 इकाइया स्वीकृत हो चुकी हैं तथा वर्तमान में 18 इकाइयों का लक्ष्य शेष है। योजना के प्रावधान अनुसार प्रति इकाई परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत तक अधिकतम 10 लाख रुपए तक का बैंक ऋण आधारित अनुदान देय है। जिले के इच्छुक उद्यमी, युवा बेरोजगार एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते हैं। दिशा-निर्देशानुसार पीएमएफएमई पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन किया जा सकता है। साथ ही डीपीआर तैयार कराने के लिए जिला रिसोर्स पर्सन निकटतम विकासखंड स्तरीय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, क्षेत्रीय ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अथवा कार्यालय सहायक संचालक उद्यान से संपर्क किया जा सकता है।

## सीईओ जिला पंचायत का निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना द्वारा जनपद पंचायत मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत चौगान का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने नर्मदा पथ आश्रय स्थल पर पौधरोपण किया तथा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में दल बादल महल, चिमनी रानी महल एवं संचालित होम स्टे का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों को पर्यटन स्थलों के रख-रखाव, स्वच्छता एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। नर्मदा पथ आश्रय स्थल पर पौधरोपण कार्यक्रम ग्राम पंचायत चौगान एवं जनपद पंचायत मोहगांव के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत कपिल तिवारी, बीपीओ मंडला, सहायक यंत्री मोहगांव राहुल मंडरहा, उपयंत्री, सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## योजना से बदली महेंद्र की दुनिया

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कभी दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले महेंद्र राजपूत आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुके हैं। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के दौरान जब मजदूरी बंद हो गई और जमा पूंजी समाप्त हो गई तब उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया। भविष्य अनिश्चित नजर आने लगा था लेकिन इसी कठिन समय में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना उनके लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई श्री राजपूत को इस योजना की जानकारी मिली उन्होंने बिना देर किए नगरपालिका परिषद में ऑनलाइन पंजीयन कराया योजना की सरल और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत उन्हें मप्र ग्रामीण बैंक की बिंझिया शाखा से प्रथम किश्त के रूप में 10 हजार रुपये की कार्यशील पूंजी प्राप्त हुई प्राप्त राशि से महेंद्र ने मण्डला में रेस्ट हाउस के पास इडली-सांभर का ठेला लगाना शुरू किया स्वाद और मेहनत के दम पर उनका व्यवसाय धीरे-धीरे चल निकला आज उनकी मासिक आय 12 हजार से 15 हजार रुपये तक पहुंच गई है जिससे उनका परिवार सम्मान जनक जीवन जी पा रहा है।

## 24 को लगेगा शिविर

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 24 फरवरी को मंडला जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ठरका एवं मोहगांव जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मुनू में शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार 25 फरवरी को जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम इंद्री एवं पिंडरई, जनपद पंचायत मवई के ग्राम पंचायत अंजनी में कलस्टर स्तरीय शिविर लगाया जायेगा।

# नियमित नियुक्ति के इंतजार में हो रहे परेशान

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग-1, 2 एवं 3 उत्तीर्ण कर चुके सैकड़ों अतिथि शिक्षक अभी भी सरकारी स्कूलों में नियमित पद पर नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। खासकर महिला अतिथि शिक्षकों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। इनके पास वर्षों का अनुभव प्रमाण-पत्र है फिर भी शासन-प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिले के कई विकासखंडों में ये शिक्षक निराशा और आक्रोश के साथ सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब होगी उनकी नियमित नियुक्ति अतिथि शिक्षकों ने वर्ग-1 2 और 3 की परीक्षा पास कर ली है ऐसे कई अतिथि शिक्षक फिलहाल स्कूलों में कार्यरत नहीं है और कुछ कार्यरत हो सकते हैं कई महिलाओं ने घर-परिवार की जिम्मेदारियां संभालते हुए भी इन परीक्षाओं को पास किया लेकिन नियमित पद नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। एक महिला अतिथि शिक्षिका ने नाम न छापने की शर्त पर बताया हमारे पास अनुभव प्रमाण-पत्र हैं हमने परीक्षा पास कर ली है, लेकिन परीक्षा पास करने के बाद सरकारी स्कूलों में नियमित नियुक्ति नहीं की जा रही है नियमित शिक्षक बनने के बाद स्थिर वेतन पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलतीं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश स्तर पर नियमित भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की बात कही जा रही है लेकिन जो परीक्षा पहले ही पास कर चुके हैं उन्हें सीधे नियमित पद पर पदस्थापना क्यों नहीं की जा रही। वे मांग कर रहे हैं कि परीक्षा उत्तीर्ण सभी अतिथि शिक्षकों को तत्काल नियमित शिक्षक के रूप में सरकारी स्कूलों में नियुक्त किया जाए अतिथि शिक्षक लगातार पूछ रहे हैं कि जिले के विधायक इस मुद्दे को विधानसभा में क्यों नहीं उठा रहे। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो वे सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपने और प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे एक अतिथि शिक्षक ने कहा हम महिलाओं के साथ अन्य साथियों की मांग है कि विधानसभा सत्र में इस विषय पर प्रश्न पूछा जाए और सरकार को घेरा जाए जिले के कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है अतिथि शिक्षक वर्षों से इन स्कूलों को संभाल रहे हैं लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार नहीं मिल रहा अतिथि शिक्षकों की मांग है कि शासन तत्काल कदम उठाए और परीक्षा पास करने वाले सभी योग्य अतिथि शिक्षकों खासकर महिलाओं को नियमित पद पर नियुक्त कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए।



# आजीविका महिलाओं ने ली शपथ

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत माहिष्मती सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, बीआरसी भवन में जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी समूहों की महिलाओं को बाल विवाह रोकथाम के लिए संकल्प दिलाया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी प्रशासक श्रीमती मधुलिका उपाध्याय ने उपस्थित महिलाओं से बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है जो कानूनन अपराध है। कार्यक्रम में प्रभारी जिला प्रबंधक आईबीसीबी नीलू सोनी, सहायक विकासखंड प्रबंधक योगेंद्र तिवारी, प्रदीप पाठक, सलमा बेगम तथा मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सदस्य एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरिशंकर कछवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# वाहनों पर 30 हजार तक जुर्माना

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में यातायात थाना मंडला द्वारा शहर में अमानक साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न लगाकर तेज शोर करने वाले दोपहिया वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विशेष रूप से बुलेट एवं अन्य मोटरसाइकिलों में मॉडिफाइड साइलेंसर और अनधिकृत प्रेशर हॉर्न लगाकर आमजन को परेशान करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ऐसे वाहनों को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां संबंधित वाहन चालकों पर 30 हजार रूपए तक का जुर्माना अधिरोपित कराया गया। साथ ही वाहनों में लगे अमानक साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न को भी जब्त कर लिया गया। यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अनाधिकृत हॉर्न एवं साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहनों की पहचान की जा रही है। कैमरों से प्राप्त वाहन नंबरों के आधार पर संबंधित चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# नैनपुर विधानसभा पुनर्जीवित करने अब होगा जन आंदोलन

### नए परिसीमन में नैनपुर विधानसभा बनाने लोग हुए लामबंद

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



नैनपुर विधान सभा के अस्तित्व को समाप्त करने का क्षेत्र के लोगो को मलाल है। पुन: परिसीमन में नैनपुर को विधान सभा बनाये जाने के लिए अब लोग लामबंद हो रहे हैं। लोगो का आरोप है कि विगत परिसीमन में नैनपुर विधानसभा को विलुपित कर इस क्षेत्र के विकास को अवरुद्ध किया गया। अब इस सत्र में पुन: परिसीमन किया जाना सरकार के द्वारा तय किया गया है। नैनपुर विधानसभा को पुनर्जीवित करने के लिए अब समाज के सभी वर्गों का समर्थन भी मिल रहा है। कल नैनपुर में सर्वांगीण विकास परिषद की ओर से नगर पालिका में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के एवं नैनपुर विधानसभा के जनप्रतिनिधि समाजसेवी पत्रकार गण अधिवक्ता मीडिया के साथी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित हुये। बताया कि 2011 की स्थिति में नैनपुर तहसील की संख्या 1 लाख 57 हजार के आसपास है जबकि वर्तमान जनगणना के शुरूआती रुझान के अंतर्गत यह संख्या 2 लाख के ऊपर चली जाएगी । बताया गया कि नैनपुर विधानसभा विकास एवं जागरुकता के लिए बेहद जरूरी है। पूर्व विधायक डॉक्टर शिवराज शिवा भैया ने कहा कि वास्तव में नैनपुर विधानसभा पुनर्जीवित होना चाहिए । इसके लिए ग्राम स्तर और जनपद स्तर पर बैठक करके उनसे प्रस्ताव लेना चाहिए। आपने बताया कि मोचा नारा दिवारा गंगोरा ये ग्राम पुरानी नैनपुर विधानसभा में आते थे यह आज भी नैनपुर विधानसभा में शामिल होना चाहते हैं। पूर्व विधायक संजीव उईके ने अपनी बात रखते हुए कहा कि नैनपुर के गौरव के लिए जरूरी है नैनपुर विधानसभा पुनर्जीवीत हो जनसंख्या के अनुपात पर इससे कम जनसंख्या वाली विधानसभा मध्य प्रदेश में ही है । नैनपुर ब्रॉडगेज का जंक्शन है और इसकी कनेक्टिविटी समूचे राष्ट्र से है। नैनपुर विधानसभा होने से विकास का पहिया जमकर घूमेगा । वही सरजू तिवारी ने अपनी बात रखते हुए नैनपुर विधानसभा के पुनर्जीवित होने की बात कही। आपने कहा हम सब एक हैं और क्षेत्र विकास ही हमारी प्राथमिकता है। जीजीपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश गौड ने कहा कि नैनपुर विधानसभा के लिए जो कुछ भी करना पड़े गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगी। अपनी बात रखते हुए पार्षद मोहित कांत झरिया ने कहा कि नैनपुर विधानसभा साजिश के तहत विलुप्त की गई है । उस समय इसका विरोध किसी ने नहीं किया अत: अब हम अपने हक के लिए लड़ाई लड़ेंगे और नैनपुर विधानसभा पुन: बनवाकर ही दम लेंगें। बीएसपी से इंदर सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा आदिवासी क्षेत्र होने के कारण नैनपुर विधानसभा का ना होना आदिवासियों के विकास में बाधा बन गया है। इससे सरकार यदि वास्तव में आदिवासी क्षेत्र का विकास चाहती है तो उसे नैनपुर को उसकी पहचान विधानसभा देना ही होगा । श्री बारेश्वर ने अपनी बात रखते हुए कहा की हर क्षेत्र अपना विकास करता है पर मैंने देखा नैनपुर का अस्तित्व धीरे-धीरे मिटाने की एक साजिश चल रही है यहां के मतदाताओं को अब जागना ही होगा तभी हम आने वाली पीढ़ी को विकास की बागडोर सौंप सकेंगे। पत्रकार संघ अध्यक्ष सतेंद्र तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अब हमारे कदम आगे बढ़ गए हैं इनका पीछे खींचना संभव नहीं है । अब हम अपना हक लेकर रहेंगे। नैनपुर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने अपनी बात रखते हुए इस मसले में सभी वकीलों का साथ होने की बात कही एवं किसी भी न्यायालय मामले में वह अगुवाई करने हेतु स्वयं को तैयार बताया। सिंधी समाज अध्यक्ष चंद्र कुमार नागपाल ने कहा की नैनपुर की विधानसभा पुन: बने इसमें हम सभी व्यापारी आपके साथ तन मन धन से खड़े हैं हम भी नैनपुर का विकास चाहते हैं जिससे आगे आने वाली पीढ़ी को रोजगार मिल सके । वही धर्मेश तिवारी ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों को सामने आना बेहद जरूरी है वह हमारे वोट लेते हैं पर हमारे हक की लड़ाई आखिर कौन लड़ेगा । बैठक में डॉक्टर सुरेंद्र बरकड़े अखिलेश शुक्ला नितिन ठाकुर पार्षद नगर पालिका ने भी अपनी बात रखी । अखिलेश शुक्ला ने कहा कि अब नैनपुर अपना विघटन बर्दाश्त नहीं करेगा हम एक हैं और डटकर मुकाबला करेंगे । सर्वदलीय इस बैठक में सामने आया कि नैनपुर विधानसभा को पुनर्जीवित करने के लिए नैनपुर क्षेत्र की जनता जन आंदोलन तक करने के लिए तैयार है ।

# सिवनीमाल में पेंशन शिविर का आयोजन

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ व जनपद पंचायत नारायणगंज के प्रभारी सीईओ विनोद मरावी के मार्गदर्शन में विकासखंड नारायणगंज के ग्राम सिवनीमाल में शिविर का आयोजन किया गया। शासन की जनहितैषी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 पात्र वृद्धजनों एवं दिव्यांगों की पेंशन स्वीकृत की गई। अधिकारियों एवं विभागीय टीम द्वारा ग्राम में घर घर जाकर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

ग्रामीणों को बताया गया कि वे किस प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। ग्रामीणों ने इस कार्ययोजना में गहरी रुचि दिखाते हुए अपनी सहमति प्रदान की। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों के आवास निर्माणाधीन हैं उनसे चर्चा कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान स्थानीय सरपंच, सचिव, उपयंत्री, सहायक यंत्री सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# म्यूचुअल फंड्स कितने प्रकार के होते हैं और कैसे करें सही निवेश

जे. पी. शुक्ला

भारत में म्यूचुअल फंड को मुख्य रूप से स्ट्रक्चर, एसेट क्लास, इन्वेस्टमेंट के मकसद और रिस्क प्रोफ़ाइल के आधार पर बांटा जाता है। ये कैटेगरी इन्वेस्टर को ऐसी स्कीम चुनने में मदद करती हैं जो उनके फाइनेंशियल लक्ष्यों, लिक्विडिटी की ज़रूरतों और रिस्क लेने की क्षमता के हिसाब से हों। मुख्य तरह के फंड में इक्विटी, डेट, हाइब्रिड और मनी मार्केट फंड शामिल हैं। म्यूचुअल फंड भारत के सबसे पसंदीदा इन्वेस्टमेंट ऑप्शन में से एक बन गए हैं, जो डाइवर्सिफिकेशन, प्रोफेशनल फंड मैनेजमेंट और कई तरह के एसेट क्लास तक आसान एक्सेस देते हैं। चाहे आप पहली बार इन्वेस्टर हों या लॉन्ग-टर्म पोर्टफोलियो बना रहे हों, अलग-अलग तरह के म्यूचुअल फंड को समझने से आपको क्लैरिटी और कॉन्फिडेंस के साथ इन्वेस्ट करने में मदद मिलती है।




## म्यूचुअल फंड क्या होता है?

म्यूचुअल फंड एक इन्वेस्टमेंट का तरीका है जो कई इन्वेस्टर्स से पैसा इकट्ठा करके स्टॉक्स, बॉन्ड्स और दूसरी सिक्योरिटीज़ के अलग-अलग तरह के पोर्टफोलियो में इन्वेस्ट करता है, जिसे प्रोफेशनल फंड मैनेजर मैनेज करते हैं। हर इन्वेस्टर के पास फंड की यूनिट्स या शेयर्स होते हैं और इन यूनिट्स की वैल्यू नेट एसेट वैल्यू से पता चलती है, जो अंदरूनी इन्वेस्टमेंट्स के परफॉर्मेंस के आधार पर ऊपर-नीचे होती रहती है। इन्वेस्टर्स सीधे तौर पर अलग-अलग सिक्योरिटीज़ के मालिक नहीं होते; वे खुद फंड के शेयर्स के मालिक होते हैं।

## जानिए आपकी इनकम के हिसाब से कितनी होगी लोन लिमिट

आज के समय में म्यूचुअल फंड निवेश आम लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, क्योंकि इसमें छोटी रकम से भी लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना होती है। लेकिन निवेश से पहले यह समझना बेहद जरूरी है कि म्यूचुअल फंड कितने प्रकार के होते हैं और आपके लिए कौन-सा सही है। भारत में म्यूचुअल फंड को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड बाजार को नियंत्रित करता है और निवेशकों को जागरूक करने का काम एसोशिएशन ऑफ म्यूचल फंड इन इंडिया करता है।

## सही म्यूचुअल फंड कैसे चुनें?

**1. अपने लक्ष्य तय करें**- घर खरीदना, बच्चों की पढ़ाई, रिटायरमेंट, आपातकालीन फंड।

**2. निवेश अवधि समझें**- 1-3 साल - डेट फंड, 3-5 साल - हाइब्रिड फंड, 5+ साल - इक्विटी फंड

**3. जोखिम उठाने की क्षमता पहचानें**- - कम जोखिम - डेट फंड, मध्यम जोखिम - हाइब्रिड फंड, अधिक जोखिम - इक्विटी फंड।

**4. एसआईपी से निवेश करें**

फायदे- हर महीने छोटी रकम निवेश,
बाजार गिरे-चढ़े तो औसत लागत कम होती है
आदत बनती है बचत की

**5. पिछले प्रदर्शन पर ही भरोसा न करें**

- फंड मैनेजर का अनुभव
- खर्च अनुपात
- जोखिम स्तर
- फंड का स्थायित्व

## निवेश करते समय जरूरी सावधानियां

बिना समझे किसी की सलाह पर पैसा न लगाएं
ज्यादा रिटर्न के लालच में जोखिम भरे फंड न चुनें
समय-समय पर पोर्टफोलियो की समीक्षा करें
टैक्स प्रभाव को भी समझें।

## म्यूचुअल फंड्स के मुख्य प्रकार

**1. इक्विटी म्यूचुअल फंड**
- पैसा मुख्य रूप से शेयर बाजार में लगाया जाता है।
- फायदे- लंबे समय में अधिक रिटर्न की संभावना और महंगाई को मात देने में मददगार होता है ।
- जोखिम- बाजार गिरने पर नुकसान भी हो सकता है।
- किसके लिए सही- जो 5-10 साल या उससे ज्यादा निवेश कर सकते हैं और जोखिम उठाने की क्षमता रखते हैं।

**2. डेट म्यूचुअल फंड**
- पैसा सरकारी बॉन्ड, कॉरपोरेट बॉन्ड जैसे सुरक्षित साधनों में लगाया जाता है
- फायदे-अपेक्षाकृत स्थिर रिटर्न।
- जोखिम- कम जोखिम और रिटर्न इक्विटी से कम होता है।
- किसके लिए सही- जो सुरक्षित निवेश चाहते हैं और कम समय के लक्ष्य वाले निवेशक हैं।

**3. हाइब्रिड म्यूचुअल फंड**
- इक्विटी + डेट दोनों में निवेश।
- फायदे- जोखिम और रिटर्न में संतुलन और कम उतार-चढ़ाव।
- किसके लिए सही- मध्यम जोखिम वाले निवेशक और पहली बार निवेश करने वाले लोग।

**4. इंडेक्स फंड**
- किसी शेयर बाजार इंडेक्स को कॉपी करते हैं।
- फायदे- कम खर्च और बाजार के औसत रिटर्न के करीब प्रदर्शन।
- जोखिम- बाजार गिरेगा तो फंड भी गिरेगा।
- किसके लिए सही- लंबी अवधि के धैर्यवान निवेशक।

**5. सेक्टोरल/थीमैटिक फंड**
- किसी खास सेक्टर में निवेश जैसे बैंकिंग, फार्मा।
- फायदे- सही समय पर बड़ा मुनाफा।
- जोखिम- सेक्टर गिरा तो भारी नुकसान।
- किसके लिए सही- अनुभवी निवेशक।

# सेहतमंद त्वचा दे सकता है बादाम

विशेषज्ञों का मानना है कि किसी को सुंदरता और खूबसूरत होने का एहसास दिलाने में भोजन विकल्पों की बहुत बड़ी भूमिका होती है और भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है। आल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा ग्लो फ्रॉम विदिन- नर्चरिंग ए रेडिएंट स्किन विषय पर आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि खूबसूरती को केवल बाहरी सुंदरता से नहीं नापा जा सकता, आप जो खाते हैं वह आपकी खूबसूरती और उसके एहसास को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस परिचर्चा में अभिनेत्री सोहा अली खान, डर्मेटोलॉजिट एवं स्किन एक्सपर्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता के साथ मैक्स हेल्थकेयर, डायटेटिक्स रीजनल हेड, दिल्ली- रितिका समद्दर ने हिस्सा लिया।

सुश्री समद्दर ने पौराणिक ग्रंथों और आधुनिक रिसर्च पर जोर दिया। जिनमें रोजाना अपने ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करने के कई सारे फायदों के बारे में बताया गया है। उन्होंने एक अध्ययन की भी चर्चा की, जिसमें दर्शाया गया है कि कैलोरी से भरपूर स्नैक की जगह बादाम लेने से मेनोपॉज़ के बाद के दौर से गुजर रही महिलाओं का स्किन टोन बेहतर होता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं। खासकर जिन महिलाओं को फिट्ज़पैट्रिक स्किन टाइप 1 और 2 की समस्या है। इसके साथ ही बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है, जोकि एंटी-एंजिंग गुणों से भरपूर है। यह सेहतमंद स्किन के लिए फायदेमंद होता है। डॉ. गुप्ता ने त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने के लिए बादाम को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने पर जोर दिया और यह भी बताया कि बादाम खाने से त्वचा सूरज की हानिकारक यूवीबी किरणों से मुकाबला करती है। उन्होंने कहा हमारी त्वचा की प्राकृतिक चमक संतुलित आहार पर निर्भर करती है, क्योंकि हमारी त्वचा हमारी अंदरूनी सेहत का आईना होती है। स्किनकेयर स्पेशलिस्ट होने के नाते, मैं त्वचा को अंदर से पोषण देने के महत्व को समझती हूं और इस यात्रा में बादाम एक अहम भूमिका निभाता है जो प्रोटीन, कॉपर, जिंक, विटामिन ई और पॉलीफेनॉल जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है। इससे त्वचा सेहतमंद होती है, यह बढ़ती उम्र से लड़ती है और स्किन की बनावट को बेहतर बनाती है। अपने खाने में बादाम को शामिल करना और नियमित रूप से योगा सेशन में जाने से हमारी त्वचा और पूरी सेहत में काफी सुधार हुआ है। बादाम में मौजूद विटामिन ई, जिंक, आयरन और कॉपर, त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने, इम्युनिटी में सुधार लाने और हमारी सामान्य सेहत को अच्छा बनाए रखने में फायदेमंद साबित हुआ है। अपनी मनपसंद एक्टिविटीज करना और संतुलित आहार, मौसमी फल, सब्जियां और लीन प्रोटीन को शामिल करके मैं चमकदार त्वचा पा सकती हूं और अपनी पूरी सेहत को बेहतर बना सकती हूं।



# इंटरनेट की दुनिया में दांव पर बचपन

## साइबरबुलिंग के कारण छिन रही खुशियां, अपनाएं बचाव के ये तरीके



ज्योति भास्कर

इंसान को तकनीक से लैस करने का एक मकसद उसे सशक्त बनाना है, लेकिन विज्ञान और प्रौद्योगिकी कई बार अभिशाप भी बन जाती है जब इसका दुरुपयोग होने लगता है। इंटरनेट के इस्तेमाल से एक तरफ दुनिया वैश्विक गांव बन चुकी है तो दूसरी तरफ साइबरबुलिंग जैसे खतरों के कारण बचपन दांव पर लग गया है। ऑनलाइन क्राइम और बच्चों को डराने-धमकाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लगभग निरंकुश हो चुके हैं। इस कारण साइबरबुलिंग का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। बच्चों की शिक्षा और सेहत पर काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था- यूनिसेफ ने साइबर बुलिंग से बचने के लिए 11 टिप्स शेयर किए हैं।



यूनिसेफ ने साइबरबुलिंग से बचाव के तरीकों की बेहतर और प्रभावी समझ के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स (ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ काम किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अलावा, मैसेजिंग और गेमिंग प्लेटफॉर्म यूजर्स पर भी साइबरबुलिंग का खतरा है। स्मार्टफोन इस्तेमाल कर रही युवा पीढ़ी को आपराधिक मानसिकता के लोग निशाना बनाते हैं। साइबरबुलिंग करने वाले ये अपराधी मासूम यूजर्स को डराने, शर्मिंदा करने या गुस्से और आवेश में कोई गलत काम करने के लिए उकसाते हैं।

### राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर संपर्क, काउंसलर जैसे पेशेवरों की मदद

साइबरबुलिंग इसलिए भी अधिक खतरनाक है क्योंकि इससे डिजिटल वर्ल्ड में भ्रामक और बदनाम करने वाली सूचनाएं अधिक तेजी से फैलती हैं। डिजिटल वर्ल्ड में होने का एक फायदा भी है। गतिविधियों के रिकॉर्ड के आधार पर दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सकता है। ऐसे अपराधियों पर नकेल कसने में डिजिटल सबूतों का प्रभावी इस्तेमाल किया जा सकता है। यूनिसेफ के मुताबिक साइबरबुलिंग से बचने के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर संपर्क कर मनोवैज्ञानिक और काउंसलर जैसे पेशेवरों की मदद भी मांगी जा सकती है। बच्चों की सेहत और उनके अधिकारों से जुड़ी विशेषज्ञ वंदना कंधारी ने बताया, मानसिक सेहत पर साइबरबुलिंग का प्रभाव अलग-अलग हो सकता है। मोबाइल, सोशल मीडिया और दूसरे माध्यमों के आधार पर दुष्प्रभाव अलग होते हैं। उदाहरण के लिए, टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस्तेमाल होने वाले फोटो या वीडियो का इस्तेमाल कर धमकाना किशोरों के लिए बहुत हानिकारक साबित हुआ है।

### दूसरों को प्रताड़ित करना भी साइबरबुलिंग

साइबरबुलिंग का दायरा इंटरनेट जैसे माध्यम के कारण बहुत व्यापक है। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में झूठ फैलाना, शर्मनाक तस्वीरें या वीडियो शेयर कर किसी के चरित्र को प्रभावित करने की कोशिश करना। धमकी भरे मैसेज, फोटो या वीडियो का इस्तेमाल भी साइबरबुलिंग है। किसी दूसरे के नाम की आईडी, नकली सोशल मीडिया अकाउंट्स का इस्तेमाल कर अश्लील और घटिया संदेश भेजकर दूसरों को प्रताड़ित करना भी साइबरबुलिंग है।

### साइबरबुलिंग पर कुछ सवाल

- क्या साइबर यानी इंटरनेट माध्यमों का इस्तेमाल कर ऑनलाइन धमकायाने के प्रयास किए जा रहे हैं?
- किसी के साथ मजाक और धमकी के बीच का अंतर कैसे समझें? साइबरबुलिंग से मानसिक सेहत पर क्या और कितना प्रभाव होता है?
- साइबरबुलिंग बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर सकती है?
- अगर कोई ऑनलाइन धमका रहा है तो पीड़ित को किससे बात करनी चाहिए? ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग क्यों जरूरी है?
- साइबरबुलिंग का शिकार होने की जानकारी होने के बावजूद इस बारे में अपने माता-पिता से बात करने से डर लगता है। पीड़ित ऐसी जटिल परिस्थिति में किनसे और कैसे संपर्क करें?
- साइबरबुलिंग के शिकार अपने दोस्तों की मदद कैसे करें? खासकर अगर वे मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर हैं और इन मामलों पर बात ही नहीं करना चाहते तो उन्हें कैसे मोटिवेट करें?
- इंटरनेट का इस्तेमाल छोड़े बिना साइबरबुलिंग को कैसे रोका जा सकता है?
- मैं सोशल मीडिया पर हेरफेर या अपमानित होने से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी का गलत इस्तेमाल कैसे रोकूं?
- क्या साइबरबुलिंग जैसे जघन्य अपराध के लिए कोई सजा है?
- प्रौद्योगिकी कंपनियों को साइबरबुलिंग जैसे ऑनलाइन अपराध और बच्चों-युवाओं के उत्पीड़न की कोई परवाह नहीं है। क्या ऐसी घटनाओं के साबित होने पर कंपनियों की जवाबदेही तय की जा रही है?
- क्या बच्चों या युवाओं को साइबरबुलिंग से बचाने के लिए कोई प्रमाणिक ऑनलाइन एंटी-बुलिंग टूल है?

# पिगमेंटेशन और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आलू का करें इस्तेमाल

किचन में मौजूद आलू न सिर्फ खाने के स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह कई स्किन संबंधी समस्याओं से भी राहत देने का काम करता है। चेहरे पर दाग-धब्बे, मुंहासे, पिगमेंटेशन और ऑयली स्किन जैसे कई समस्याओं में आलू काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। क्योंकि आलू में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो आपकी सेहत के साथ ही सुंदरता को भी बढ़ाने का काम करता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको आलू से स्किन प्रॉब्लम्स से छुटकारा पाने और खूबसूरती बढ़ाने के कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## मुंहासों से छुटकारा

फेस पर मुंहासे होने पर आप मार्केट से महंगी क्रीम अप्लाई करने की जगह आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक चम्मच आलू के रस में एक चम्मच टमाटर का रस और शहद मिलाकर फेस पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। सप्ताह में तीन बार इस फेसपैक को लगाने से आपको जल्द ही मुंहासों से छुटकारा मिलता है।

## ऑयली स्किन के लिए आलू

ऑयली त्वचा के पर धूल-मिट्टी जम जाती है और मुंहासों की समस्या होने लगती है। ऐसे में आलू स्किन का एक्स्ट्रा ऑयल कम करने के लिए आपके बहुत काम आएगा। इसके लिए 2 आलू को उबालकर मैश कर लें। फिर 1 चम्मच ओट्स पीसकर पाउडर बना लें। मैश किए आलू और ओट्स पाउडर में 2 चम्मच दूध और 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। फिर इसको सप्ताह में दो बार फेस पर अप्लाई करें। इससे त्वचा का एक्स्ट्रा ऑयल कम होता है और फेस की चमक बढ़ती है।



## दाग-धब्बे होंगे दूर

दाग-धब्बे और मुंहासे चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ने का काम करता है। वहीं इन दागों के लंबे समय तक रहने से चेहरे की रंगत कम हो जाती है। ऐसे में फेस के दाग-धब्बों को हटाने के लिए आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि 1 चम्मच आलू के रस में आधा चम्मच गुलाबजल और 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। अब इस फेसपैक को चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। सप्ताह में दो बार इस फेसपैक को लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे गायब हो जाती हैं और आपकी त्वचा सॉफ्ट नजर आती है।

## पिगमेंटेशन

कई लोगों की त्वचा सेंसिटिव होती है, तो पिगमेंटेशन की समस्या हो जाती है। वहीं उम्र बढ़ने के साथ भी पिगमेंटेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप आलू का इस्तेमाल कर सकती हैं। आलू के रस में 1 चम्मच चावल का आटा, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच नींबू का रस मिलाकर फेस स्क्रब बना लें। फिर इसको गर्दन और फेस पर अप्लाई करें। जब यह सूख जाए, तो फेस पर हल्का सा पानी लगाकर रगड़ते हुए इसे साफ कर लें। सप्ताह में दो से तीन बार इस फेस स्क्रब को लगाने से पिगमेंटेशन की समस्या से बचा जा सकता है।

## स्किन का रूखापन

आलू की सब्जी बनाने के दौरान हम सभी आलू का छिलका फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलू के छिलकों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की चमक को बढ़ाता है। आलू के छिलके का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्राईनेस दूर होती है। स्किन की ड्राईनेस को दूर करने के लिए आलू के छिलकों को पीसकर उसमें बेसन और दही का पेस्ट बनाकर इसको चेहरे पर लगाएं। फिर 15 मिनट तक सूखने के फेस को पानी से धो डालें। इससे आपकी त्वचा सॉफ्ट और शाइनी होगी साथ ही स्किन का रूखापन भी दूर होगा।

## ऐसे बढ़ाएं चेहरे की चमक

धूल-मिट्टी, तनाव, प्रदूषण, गलत खानपान, नींद की कमी से चेहरे की चमक को फीका करता है। चेहरे का निखार वापस लाने के लिए आप महंगे प्रोडक्ट की जगह किचन में मौजूद आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं। 3 चम्मच आलू के रस में 2 चम्मच शहद मिलाकर फेस और गर्दन पर अप्लाई करें। फिर 15 मिनट तक लगाए रहने के बाद चेहरे को पानी से धो डालें। रोजाना इस फेसपैक को लगाने कुछ ही दिनों में चेहरे की चमक बढ़ जाएगी।

# सर्दियों में मखाना खाने से सेहत को मिलेंगे हजारों फायदे

अनन्या मिश्रा

सर्दियों में भूख लगने पर लोग जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आप मखाने का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि मखाने में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही यह एक हेल्दी स्नैक्स है। इसलिए रोजाना इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों में किस तरह से मखाना खाना चाहिए और यह किस तरह से हमें फायदा पहुंचाता है।

## ऐसे करें मखाना का सेवन

मखाने के तासीर गर्म होती है। इसलिए सर्दियों में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सर्दियों के मौसम में प्रतिदिन 30 ग्राम मखाने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। इसके सेवन से आपको सर्दी-जुकाम और इंफेक्शन नहीं होता है। सर्दियों में न्यूट्रिशनल वैल्यू बढ़ाने के लिए मखाना घी में भूनकर खाना अधिक लाभकारी होता है।

## दूध के साथ मखाना

बहुत सारे लोग व्रत में दूध और मखाने का सेवन करते हैं। दूध और मखाना दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को ताकत देने का काम करता है। मखाने में प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन फैट



और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह कैल्शियम का बेहतरीन स्त्रोत है। यह किडनी और दिन दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

## व्रत में मखाना का सेवन

कई लोग व्रत में मखाने का सेवन करते हैं। बता दें कि मखाने खाने से कई फायदे होते हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे कि आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एनर्जी प्राप्त होती है और कमजोरी नहीं लगती है। मखाना खाने से कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं।

## पाचन होगा दुरुस्त

मखाना के सेवन से न सिर्फ सेहत बल्कि पाचन भी सही रहता है। मखाने के सेवन से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। रोजाना मखाने का सेवन करने से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही इससे किडनी स्वस्थ रहती है।

## अच्छी और गहरी नींद

आपको बता दें कि मखाने के सेवन से सेहत और स्वाद दोनों मिलता है। जिन लोगों को नींद न आने की समस्या होती है और रात में सोने से पहले दूध में मखाने भिगोकर उनका सेवन करना चाहिए। इसके अलावा आप डेट्स और मखाना को पानी में भिगोकर भी इसका सेवन करते हैं। रोजाना इसको खाने से आपको कुछ ही दिनों में साफ फर्क नजर आने लगेगा।

## वेट लॉस में सहायक

वेट लॉस करने के लिए मखाने का सेवन करना चाहिए। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इससे आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है। इससे आप ओवरइटिंग से बत जाते हैं। जिससे आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।

## ग्लूटेन फ्री है मखाना

कई लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है। जिन लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती हैं, उनके लिए गेंहू के आटे की रोटियां फायदेमंद नहीं होती है। ऐसे में इन लोगों को ऊर्जा और ताकत पाने के लिए रोजाना मखाने का सेवन करना चाहिए।

## मखाना खाने के फायदे

- मखाने के सेवन से मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है और हड्डियों में तकलीफ नहीं होती है। वहीं एनीमिया रोगियों के लिए भी मखाने का सेवन फायदेमंद होता है।
- महिलाओं को मखाना का सेवन जरूर करना चाहिए। स्किन के लिए यह फायदेमंद होता है, इसके सेवन से त्वचा लंबे समय तक जवान और ग्लोइंग बनी रहती है।
- मखाने में ग्लाइसेमिल इंडेक्स अच्छा होता है। ऐसे में इसको डायबिटीज के रोगी भी खा सकते हैं।
- यह शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करता है, इंफ्लेमेशन को कम करके के साथ ही इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज इंफेक्शन से बचाव करता है।
- इसमें सैचुरेटेड फैट और सोडियम कम पाया जाता है। मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। यह कैंसर, डायबिटीज और हार्ट डिजीज के पेशेंट के लिए भी फायदेमंद है।

# नरसिंहपुर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक का पैदल निरीक्षण

## सड़क पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्ती



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने शनिवार को नरसिंहपुर शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सुभाष पार्क चौराहा से होते हुए बाहरी रोड, सुनका चौराहा, मुशरान पार्क से होते हुए मैन रोड, सिंहपुर चौराहा से नगर पालिका चौराहा तक पैदल निरीक्षण कर दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकान की सामग्री सड़क पर न रखें तथा प्रतिष्ठानों के सामने पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें। निरीक्षण के दौरान बाहरी रोड एवं मैन रोड पर संचालित अस्थायी दुकानों को व्यवस्थित संचालन करने के निर्देश दिए। चौपाटी के समीप स्थित एमपी स्टेट एग्रो खाद वितरण केंद्र को भी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। इतवारा बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने, पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बाहरी रोड स्थित कमल स्टोर, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं कैनरा बैंक सहित अन्य बड़े प्रतिष्ठानों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बैंक प्रबंधक एवं अन्य जवाबदारों को निर्देशित किया। अमर ज्योति ज्वेलर्स सहित अन्य बड़े प्रतिष्ठानों के बाहर अस्थाई रूप से पार्किंग क्षेत्र में रखी गई सामग्री को मौके पर ही हटवाया गया और समझाइश दी।

जलगांव ज्वेलर्स के पास सब्जी की दुकानों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। मुशरान पार्क से पुत्री शाला तक स्थित दुकानों के टीन शेड, जो सड़क तक आ रहे थे, उन्हें हटाने के निर्देश दिए। सांकल तिराहा स्थित राम भरोसे होटल के समक्ष किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने शनीचरा बाजार, जनपद कॉम्पलेक्स तथा नगर पालिका चौराहा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। नगर पालिका चौराहा एवं जिला चिकित्सालय के आसपास लगी अस्थायी दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा रोगी कल्याण समिति कॉम्पलेक्स में लगे टीन शेडों को भी हटाने के निर्देश दिए। मैन रोड एवं बाहरी रोड स्थित दुकानदारों को समझाइश दी गई कि भविष्य में यदि दुकानों का सामन सड़क पर पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भ्रमण के दौरान एसडीएम नरसिंहपुर श्री मणिन्द्र सिंह, डीएसपी श्री मनोज गुप्ता, यातायात निरीक्षक श्रीमती ममता तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नीलम चौहान सहित पुलिस एवं नगर पालिका का अमला मौजूद था।

# माया विश्वकर्मा जीजा बाई सम्मान से सम्मानित



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

शिवाजी कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय में 19 फ़रवरी 2026 को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर उनकी माता जी जीजा बाई के कार्यों को लेकर कई नामी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के लिये ज़ीज़ाबाई सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान गाडरवारा के पास ग्राम नयागांव निवासी समाजसेवी माया विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया।पद्मभूषण और पद्म विभूषण और पूर्व मेम्बर ऑफ़ पार्लियामेंट राज्यसभा सुश्री सोनल मानसिंह (प्रसिद्ध नृत्यांगना) द्वारा ये पुरस्कार प्रदान किये । इस कार्यक्रम में अन्य पुरस्कृत महिलाओं में से पूर्व डीआईजी तिहाड़ जेल विमला मेहरा , गुनीत सेठी , स्मिता देशमुख रही । इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी छात्र छात्रायें और प्रोफेसर उपस्थित रहे । शिवाजी कॉलेज में 19 फ़रवरी से वसंतोत्सव का आयोजन हो रहा है जहाँ दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य वीरेंद्र भारतद्वाज़ , ह्रष्ष्ट अध्यक्ष श्रीमती सुनीता प्रोफेसर सुखराम और सभी कार्यक्रम टीम का धन्यवाद ।

# ताज कृपा दरबार में रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई गई



गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।

सर्व धर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत स्थली स्थानीय ताज कृपा दरबार में भगवती देवी माँ के अनन्य उपासक परम श्रृध्देय रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती पर उन्हें विनम्र भाव स्मरण करते हुए उनकी पूजा अर्चना, फूलमाला, चंदन, इत्र और प्रसादी अर्पित कर दरबार क्षेत्र की त्रिज्या में निवास करने वाले बच्चों और जरूरत मंद लोगों को प्रसाद वितरित किया गया ।

उल्लेखनीय है कि दरबार संस्थापक एवं राष्टीय विचार धारा से ओतप्रोत व्यक्तिव के धनी मकसूद अहमद नासिर मास्टर के व्दारा स्थापित परम्परा के अनुसार प्रधान संरक्षक प्रभाकरराव डहाके अध्यक्ष श्री ताज दरबार बाकी नागपुर तथा प्रधान मुखिया ताज कृपा दरबार गाडरवारा के मार्गदर्शन में उत्साह और उमंग के साथ यह जयंती प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाई गई कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपेश परचानी,सुरेन्द्र सोनी, मोहित सोनी, महेश नेमा, अशोक मोलासरिया, देवेन्द्र पालीवाल, विनोद जाटव, एंव प्रधान अर्चक टनटू दादा का योजन सराहनीय रहा।

सर्व धर्म समभाव एंव मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित व संवर्धन की दिशा में सभी पंथ सम्प्रदाय के विभिन्न त्योहार और प्रसंगो पर इसी तरह के आयोजन किये जाते हैं, जिसकी क्षेत्र में सर्वत्र मुक्त कंठ से प्रशंसा की जाती है ।

## जिले में चना और मसूर की उपज बेचने के लिए किसान अपना पंजीयन 16 मार्च तक करा सकते हैं

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया 20 फरवरी 2026 से शुरू हो गई है। किसान अपना पंजीयन 16 मार्च 2026 तक करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि किसान अपना पंजीयन जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूं पंजीयन के लिए 67 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं, उन्हीं केंद्रों पर चना और मसूर का पंजीयन भी किया जाएगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि वे समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के लिए निर्धारित समय सीमा 16 मार्च 2026 तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिएया नजदीकी केंद्र से संपर्क करें। उप संचालक कृषि ने जिले के चना एवं मसूर उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित किये गए केंद्रों पर जाकर अपनी चना एवं मसूर विक्रय के लिए पंजीयन कराएं।

# अवैध शराब के विरुद्ध नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## लगभग 22 पेटी देशी शराब जप्त

नरसिंहपुर।

नरसिंहपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की सप्लाई में संलिप्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त की जा रही है। इसी क्रम में थाना सुआतला अंतर्गत दिनांक 18.02.2026 को रात्रि गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान डोंगरगांव, वन विभाग चौकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर अवैध शराब का परिवहन करते हुए एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएल 6893 को पकड़ा गया, जिसमें भारी मात्रा में अवैध देशी शराब पाई गई, जिसे विधिवत जप्त किया गया। उक्त वाहन का चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। वाहन में सवार दो विधि विरुद्ध बालक पाए गए, जिन्हें नियमानुसार नोटिस देकर परिजनों के सुपुर्द किया गया फरार आरोपी चालक की तलाश हेतु टीम गठित कर सतत प्रयास किए जा रहे हैं तथा प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही जारी है। इसी प्रकार थाना ठेमी अंतर्गत दिनांक 18.02.2026 की रात्रि को सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम लुहारी रोड पर एक व्यक्ति अपने भारी मात्रा शराब रखे हुए है जो मोटरसाईकिल के माध्यम से ले जा रही है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी विक्की उर्फ विशेष रजक को भारी मात्रा में अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अरूण लोधी निवासी पिपरिया, बेलखेडा, जिला जबलपुर एवं अन्य दो से 12 पेटी देशी शराब जप्त (कीमत लगभग 65 हजार रूपये)। एवं पिकअप वाहन कीमत लगभग 5 लाख रूपये। धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी विक्की उर्फ विशेष रजक निवासी ठेमी जिला नरसिंहपुर।

से १० पेटी देशी शराब जप्त (कीमत लगभग 53 हजार रूपये) एवं एक मोटरसाईकिल कीमत लगभग 80 हजार रूपये। धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त दोनों कार्यवाहियों में क्रमशः थाना प्रभारी, प्रियंका केवट, उनि आशीष बोपचे, प्रधान आरक्षक कीरत विश्वकर्मा, आरक्षक सोहन पटैल एवं थाना प्रभारी, ठेमी, निरीक्षक प्रीति मिश्रा, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, आरक्षक चंद्रप्रताप पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

# पुलिस व आमजन को गुमराह कर चोरी करने वाले शातिर आरोपी को नरसिंहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

## शातिर चोर पर पूर्व से दर्ज है 10 आपराधिक प्रकरण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** दिनांक 17.01.2026 को प्रार्थी प्रमोद साहू पिता दुलीचंद साहू, उम्र 32 वर्ष, निवासी हनुमान वार्ड, करेली द्वारा थाना करेली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 16.01.2026 को वह अपनी ऑटो पार्ट्स की दुकान बंद कर घर चला गया था। प्रार्थी द्वारा बताया गया कि दिनांक 17.01.026 को जब वह दुकान खोलने आया तो पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर काउंटर की दराज (ट्रॉली) का ताला भी टूटा मिला तथा दराज में रखी नगद राशि लगभग 4,000/- एवं एक मोबाइल फोन नही है।चोरी की घटना स्थल से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से लिखा गया लेख/नोट बरामद किया गया

प्रार्थी द्वारा बताया गया कि शातिर चोर चोरी करने के उपरांत उसकी दराज में एक पर्ची छोड़ गया था, जिसमें सामाजिक सौहार्द बिगाडने वाले शब्द लिखे हुए है।

अज्ञात शातिर चोर की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु गठित की गयी थी विशेष टीम-पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के प्रकरण संज्ञान में आने पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, नरसिंहपुर, श्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया एवं आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए थे। आरोपी को जिला छतरपुर से किया लिया गया अभिरक्षा में प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी माध्यमों से जानकारी एकत्रित की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। सतत प्रयासों के दौरान संदेही अखिलेश सिंह के उक्त चोरी की घटना में संलिप्त होने की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही आरोपी की पतासाजी की गई, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि वह जिला छतरपुर में किसी अन्य अपराध के प्रकरण में जेल में निरुद्ध है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा छतरपुर पहुंचकर आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लिया गया एवं न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर उससे पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी = अखिलेश सिंह निवासी, जिला दमोह पर धारा 331,(4) 305 (ए) 317, बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया है।

शातिर चोर पर पूर्व से दर्ज है 10 आपराधिक प्रकरण

आरोपी अखिलेश सिंह, निवासी जिला दमोह से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2018 से चोरी की वारदातें कर रहा है तथा चोरी करने के लिए अलग-अलग जिलों में जाकर घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में छतरपुर, पन्ना, दमोह एवं जबलपुर जिलों में लगभग 08 स्थानों पर चोरी की वारदात कर चुका है एवं घटना स्थल पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से लिखा गया भड़काऊ लेख/नोट छोडता था। आरोपी पर चोरी एवं अन्य धाराओं के तहत कुल 10 प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने एवं लोगों व पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य लेख/नोट छोडता था

आरोपी से गहन पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह जिस स्थान पर चोरी करता था, घटना के उपरांत वहां सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से लिखा गया लेख/नोट छोड़ देता था, इसका उद्देश्य लोगों एवं पुलिस का ध्यान भटकाना था, ताकि उस पर किसी प्रकार का संदेह न जाए।

**आरोपी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका**-शातिर चोरी की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में थाना प्रभारी करेली, निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि रामरतन सोनी, कुलदीप सोमकुंवर, आरक्षक राजेश बागरी, कपिल राजपूत, अजय ठाकुर, सोनू सतारे, आरक्षका पुष्पेन्द्र सेन एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक कुमुद की मुख्य भूमिका रही है।

# जनसुनवाई में आमजनों की समस्याओं से रूबरू हो किया स्थायी समाधान

## 223 आवेदनों पर सुनवाई कर किया निदान



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा गत दिवस विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह कुल 223 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को उन्होंने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

जनसुनवाई जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बन चुकी है। विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और उन्हें त्वरित कार्रवाई का भरोसा मिलता है। राजस्व, बिजली, पानी, पेंशन, सड़क और अन्य शासकीय योजनाओं से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता से सुनवाई की गई पूर्व राज्यमंत्री पटेल ने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान समय-सीमा में किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और उसी विश्वास को बनाए रखना उनका प्रथम दायित्व है राजनीति में आने से पहले सामाजिक सेवा को प्राथमिकता देने वाले श्री पटेल स्वयं को आज भी नेता नहीं,बल्कि जनता का बेटा मानते हैं और हर वर्ग के हितों की आवाज़ बनकर खड़े रहते हैं।विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसुनवाई में 223 आवेदन प्राप्त हुए।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राजनैतिक दलों की बैठक

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर 2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। इसी क्रम में कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती देवंती परते, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में श्री विनोद श्रीवास्तव, श्री आनंद चौरसिया, श्री शब्बीर मंसूरी, एड. लक्ष्मी नायक मौजूद थे।

बैठक में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 27 अक्टूबर 2025 प्रारंभ किया गया था, जिसके तहत 4 नवंबर 2025 से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी मतदाताओं के गणना फार्म, बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाताओं से फार्म भरवाकर प्राप्त किये गये। बैठक में बताया गया कि कुल 8 लाख 69 हजार 587 मतदाताओं में से 8 लाख 23 हजार 833 मतदाताओं से भरे हुये गणना पत्रक प्राप्त हुये एवं 45 हजार 754 मतदाताओं से गणना पत्रक अवितरित/अप्राप?त रहे। इन 45 हजार 754 मतदाताओं में से 12 हजार 874 मतदाता मृत, 9 हजार 182 मतदाता अनुपस्थित, 20 हजार 534 मतदाता स?थानांतरित, 4 हजार 13 मतदाताओं की दोहरी प्रविष्टि तथा 151 मतदाता द्वारा अन?य कारणों से गणना पत्रक प्रस्तुत नहीं किये गये। निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाश 23 दिसम्बर 2025 को इन 45 हजार 754 मतदाताओं के नामों को नामावली से पृथक करते हुये कुल 8 लाख 23 हजार 833 मतदाताओं की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। नामावली के प्रारूप प्रकाशन उपरांत 9 हजार 656 ऐसे मतदाताओं के गणना पत्रक प्राप?त हुए, जिनके द्वारा अपना स?वयं, अपने पिता-माता का नाम विगत विशेष गहन पुनरीक्षण 2003 की मतदाता सूची में नहीं पाया गया। ऐसे मतदाताओं को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की जाकर 8 हजार 904 मतदाताओं को नामावली के अंतिम प्रकाशन में यथावत रखे जाने के लिए पात्र माना गया तथा 752 ऐसे मतदाताओं के नाम हटाये गये, जो मृत, अन्य जगह स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि के पाये गये थे। फोटो निर्वाचक नामावली का 23 दिसम्बर 2025 से लेकर 22 जनवरी 2026 तक दावा-आपत्तियों की सुनवाई उपरांत शनिवार 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन जिले की चारों विधानसभा के मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय में किया गया। अंतिम प्रकाशन उपरांत जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 8 लाख 40 हजार 474 मतदाता हैं, जिसमें 4 लाख 34 हजार 541 पुरूष, 4 लाख 5 हजार 925 महिला व 8 अन्य मतदाता शामिल हैं। बैठक में बतया गया कि 23 दिसम्बर 2025 से लेकर 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त दावे-आपत्तियों का निर्वाचक रजिस?ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निराकरण करने के उपरांत नामावली के प्रारूप प्रकाशन के बाद जिले में कुल 20 हजार 97 मतदाताओं के नाम नामावली में जोडे गये तथा 3 हजार 456 मतदाता जो मृत, स?थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि व अन्य कारणों से अनुपस्थित पाये गये उनके नाम नामावली से पृथक किये गये। नामावली के प्रारूप प्रकाशन 23 दिसम?बर 2025 एवं नामावली के अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 के मध?य जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामावली के प्रारूप प्रकाशन के दौरान जिले का जेण्डर रेशों प्रति हजार पुरूष मतदाता के विरूद्ध 932 महिला मतदाता से बढ़कर 934 महिला मतदाता हो चुका है।



इसी प्रकार ईपी रेशों 66.07 से बढकर 77.79 हुआ है। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली में पात्र व?यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए एवं अपात्र व?यक्तियों के नाम नामावली से काटने का कार्य सतत रूप से जारी है।

अभी भी ऐसे मतदाता जिनका नाम निर्वाचक नामावली में किसी कारणवश दर्ज नहीं करवा सकें है, वह नामावली के निरंतर चलने वाले अपडेशन के दौरान करा सकते हैं। बैठक में उपस्थिति सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा बीएलए-2 द्वारा आयोग के इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूर्ण सहयोग किया गया, जिसके लिये सभी दलों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# देश एवं प्रदेश से जुड़े विभिन्न गंभीर जनहित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया




## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित

कटनी (स्वतंत्र मत)

सबसे पहले भारत-अमेरिका ट्रेड डील के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह समझौता देशहित के बजाय अमेरिकी दबाव में किया जा रहा प्रतीत होता है। ऐसी नीतियाँ देश के किसानों, लघु उद्योगों, व्यापारियों एवं आम उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि भारत की आर्थिक नीतियाँ स्वदेशी हितों के अनुरूप हों, न कि किसी बाहरी दबाव में।

इसके पश्चात छिंदवाड़ा में कथित रूप से कफ सिरप सेवन से हुई दुखद घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता और स्वास्थ्य व्यवस्था पर नियंत्रण सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इसी क्रम में इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल पीने से लगभग 35-40 लोगों की दर्दनाक मौत की घटना को अत्यंत गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा संबंधित नगर प्रशासन की जवाबदेही तय करने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का मूल कर्तव्य है, जिसमें इस प्रकार की विफलता अक्षम्य है।

प्रेस वार्ता में यह भी कहा गया कि मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए कथित रूप से प्रयुक्त आपत्तिजनक शब्द अत्यंत निंदनीय हैं। कांग्रेस ने इसे भारतीय सेना, महिला सम्मान और राष्ट्र की गरिमा से जुड़ा विषय बताते हुए ऐसे बयान पर तत्काल कार्रवाई एवं इस्तीफे की मांग की।इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के प्रति पूर्व में कहे गए आपत्तिजनक शब्दों की भी कड़ी निंदा की गई। कांग्रेस ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वीकार्य हैं, लेकिन व्यक्तिगत एवं असम्मानजनक टिप्पणी किसी भी रूप में उचित नहीं है।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान मोहन सरकार मध्यप्रदेश को सुचारु रूप से संचालित करने में असफल साबित हो रही है और प्रशासनिक संवेदनशीलता तथा जवाबदेही का लगातार अभाव दिखाई दे रहा है।

इन सभी मुद्दों को लेकर 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित किसान चौपाल एवं विधानसभा घेराव कार्यक्रम में कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व शामिल होगा। कार्यक्रम को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी संबोधित करेंगे।जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि इस आंदोलन में कटनी जिले से सैकड़ों कांग्रेसजन भोपाल पहुँचकर विधानसभा घेराव में भाग लेंगे और किसानों, युवाओं, मजदूरों तथा आम नागरिकों के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे।कांग्रेस ने कहा कि यह लड़ाई किसी दल की नहीं, बल्कि जनता के अधिकार, सम्मान और न्याय की लड़ाई है, जिसे लोकतांत्रिक तरीके से पूरी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड अमित शुक्ला ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा राकेश जैन कक्का रामनरेश त्रिपाठी राजा जगवानी मंगल सिंह राजेश जाटव अजय जैसवानी जितेंद्र गुप्ता,प्रशांत जायसवाल दिग्विजय सिंह संजय गुप्ता,अशोक बहलानी अभय खरे सुशील जायसवाल, अभिषेक गोलू हर्षित मिश्रा,समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# टेंट का सामान चोरी करने वाले सगे भाई गिरफ्तार

## पान उमरिया क्षेत्र में भी की थी चोरी

**कटनी।** जिले में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिनय विश्वकर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में ढीमरखेड़ा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 19.02.2026 को प्रार्थी अनिल पटेल पिता लक्ष्मी पटेल, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम ढीमरखेड़ा, जिला कटनी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 13.02.2026 की दरम्यानी रात ग्राम पोडीकला स्थित सूरदास आश्रम में लगे उसके टेंट से अज्ञात चोरों द्वारा लगभग ?3,50,000/- मूल्य की साउंड मशीनें चोरी कर ली गईं। रिपोर्ट पर थाना ढीमरखेड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं अज्ञात आरोपियों एवं मशरूका की तलाश प्रारंभ की गई। दिनांक 20.02.2026 को पुलिस टीम द्वारा आरोपी मनीष कुर्मी पिता मुकेश कुर्मी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम महनेर को महनेर पहाड़ी स्थित खंडहर मकान से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन, माइक स्टैंड, अहूजा कंपनी का एम्पलीफायर जप्त किया गया। आरोपी परदेशी कोल पिता कमलेश कोल, उम्र 22 वर्ष, निवासी उमरियापान (कुदवारी मोहल्ला) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से बॉस कंपनी का हेड एडॉप्टर मशीन, डीडी 3 डिजिटल मशीन, दो हरे रंग के केबल, स्टूडियो मास्टर मिक्सर मशीन, मिक्स मशीन 182, मास प्लेट मशीन, ऑडियो मेकर मशीन जप्त की गई। आरोपियों के कब्जे से कुल ?3,50,000/- मूल्य का साउंड सिस्टम बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना पान उमरिया क्षेत्र में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किया गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी गोलू कुर्मी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

**विशेष योगदान** – इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उपनिरीक्षक सुरेश चौधरी, प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक पंकज सिंह, अजय धुर्वे, देवेन्द्र अहिरवार एवं कमोद कोल का विशेष योगदान रहा।



# सीसीटीवी की तीसरी आंख से यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, ई-चालान व्यवस्था लागू

कटनी (स्वतंत्र मत)

हेलमेट धारण न करने, रेड लाइट जम्प करने, रॉन्ग साइड वाहन चलाने एवं किसी भी प्रकार से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले समस्त वाहन चालकों को सूचित किया जाता है कि अब सावधान हो जाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की तीसरी आंख पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है शहर के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे न केवल नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की गतिविधियों को रिकॉर्ड कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ई-चालान प्रणाली लागू कर दी गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित वाहन चालक के मोबाइल नंबर पर ई-चालान की सूचना प्राप्त होगी। जिला पुलिस कटनी आमजन से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित वाहन चलाएं एवं कानून- व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। नियमों का पालन ही आपकी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

# भोपाल-धनबाद त्रि-साप्ताहिक और भोपाल-चोपन साप्ताहिक एक्सप्रेस की शुरुआत : सांसद ने जताया रेल मंत्री का आभार

कटनी (स्वतंत्र मत)

रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष तथा खजुराहो कटनी सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने इन दोनों ट्रेनों के शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव का आभार जताया है। सांसद श्री वीडी शर्मा के संसदीय क्षेत्र कटनी से होकर यह दोनों ट्रेनें गुजरेंगी जिससे रेल यात्रियों को यातायात में लाभ मिलेगा। रेलवे बोर्ड के पत्रांक 23 दिसंबर 2025 तथा वरिष्ठ मंडल संचालन प्रबंधक, भोपाल के पत्रांक 17 फरवरी 2026 के संदर्भ में यह निर्णय लागू किया गया है। इसके तहत भोपाल से धनबाद और चोपन (सीपीयू) के लिए नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की जा रही है।

## भोपाल-धनबाद त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 11631/11632 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक रूप से संचालित होगी। 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस भोपाल से प्रत्येक सोमवार, गुरुवार



और शुक्रवार को प्रस्थान करेगी।

11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस धनबाद से प्रत्येक बुधवार, शनिवार और रविवार को चलेगी।

भोपाल-चोपन साप्ताहिक एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 11633/11634 भोपाल-सीपीयू (चोपन) एक्सप्रेस साप्ताहिक रूप से संचालित होगी।

11633 भोपाल-सीपीयू एक्सप्रेस भोपाल से प्रत्येक रविवार को चलेगी। 11634 सीपीयू-भोपाल एक्सप्रेस चोपन से प्रत्येक सोमवार को प्रस्थान करेगी।

24 फरवरी को दोनों ट्रेनों का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

भोपाल-धनबाद त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस की उद्घाटन यात्रा 24 फरवरी 2026 (मंगलवार) को भोपाल से शाम 7:30 बजे प्रारंभ होगी। वापसी में विशेष ट्रेन 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को रात 11:00 बजे धनबाद से भोपाल के लिए रवाना होगी।

## कटनी मुड़वारा सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

उद्घाटन विशेष ट्रेन भोपाल से प्रस्थान कर विदिशा, गंज बसोदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, ब्यौहारी, सिंगरौली, चोपन, रेनुकूट, नगर ऊंटारी, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, लातेहार, रांची रोड, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, कतरासगढ़ होते हुए अगले दिन शाम 7:20 बजे धनबाद पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन निर्धारित समयानुसार सभी प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करते हुए भोपाल पहुंचेगी।

यात्रियों को होगा लाभ नई ट्रेनों के संचालन से मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध होगी। इससे व्यापार, रोजगार और आवागमन को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से समय सारणी के अनुसार यात्रा करने और अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक स्रोतों से जानकारी

## मंगल सिंह बने कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष



**कटनी।** जिला कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष पंकज गौतम की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव जी ने मंगल सिंह को जिला कांग्रेस सेवादल शहर के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है इस नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शहर अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण ठाकुर गुमान सिंह, पूर्व सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम, जिला कांग्रेस कमेटी महिला की अध्यक्ष रजनी वर्मा,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गोल्डन विवेक पांडे पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अध्यक्ष पार्थ समाधिया, हिमांशु तिवारी, उदय सिंह, बृजेश मौर्य, अभय खरे, सहित वरिष्ठ नेताओ ने मंगल सिंह को बधाई शुभकामनाएं दी और संगठन को मजबूत करने को कहा।



# अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन सपन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में स्टाफ का अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती डॉ. स्वाति चांदोरकर (अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष, शास पीजी कॉलेज, नरसिंहपुर) तथा श्री अजय तुलसी नेमा सेवानिवृत उप संचालक रेशम विभाग उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा करके मार्गदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के प्राचार्य श्री जी.एस. पटेल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया है कि और स्वागत उद्बोधन दिया गया , साथ ही उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को भी संबोधित किया । श्री अजय तुलसी नेमा ने कविता के माध्यम से शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को बहुत ही रोचक तरीके से उजागर किया। डॉ. श्रीमती स्वाति चांदोरकर ने आत्म-मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थी और शिक्षक के बीच संबंधों को समझाया और शिक्षकों को अपने ज्ञान और व्यवहार को लगातार अद्यतन करने और अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए अपनी रुचियों पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। आभार विद्यालय के शिक्षक डॉ. अशोक उदेनिया द्वारा दिया गया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिवानी चौरसिया द्वारा किया गया।

## परशुराम भवन में आज ब्राह्मण समाज का मिलन समारोह

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सनातन ब्राह्मण महासभा जिला नरसिंहपुर के तत्वावधान में आज, 22 फरवरी रविवार को वार्षिक ब्राह्मण स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी महासभा के मीडिया प्रभारी पं.शैलेन्द्र तिवारी ने देते हुए बताया कि यह गरिमामयी कार्यक्रम स्टेशनगंज स्थित परशुराम भवन में आयोजित होगा। महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें समाज के बंधु एक-दूसरे से भेंट कर सामाजिक एकता को सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर सामूहिक सह-भोज का भी आयोजन किया गया है। महासभा ने जिले के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने की अपील की है।

# आनलाइन सट्टे का करोड़ों रुपयों का हेर-फेर करने वाले कपड़ा व्यापारी सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्र मत)

पुलिस अधीक्षक महोदय अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय डा. संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमति नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के नेतृत्व कर्मचारी के नाम पर फर्जी तरीके से खाता खोलकर आनलाइन क्रिकेट सट्टे का करोड़ो रुपयों का हेर फेर करने वाले कपड़ा व्यापारी सहित 03 आरोपी को पकड़ा गया।

**विवरण-** दिनांक 14/02/26 को प्रार्थी अमित दाहिया पिता भल्लू दाहिया उम्र 29 साल निवासी ग्राम जुहली का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि नई बस्ती में बॉम्बे ब्यूटीफुल साडी सेंटर पर काम करता हूँ उसके मालिक योगेश बजाज द्वारा दुकान के कैश का लेनदेन का बोलकर मेरे नाम से बैंको में खाता खुलवा लिये तथा उन खातो में अत्याधिक पैसो का लेनदेन किया जा रहा है और बैंक के दस्तावेज अपने पास रख लिये हैं। बैंक खाते की पासबुक, एटीएम चैकबुक अपने पास रख मालिक योगेश बजाज निवासी माधवनगर के द्वारा मेरे नाम से खोले गये खातों में उनके द्वारा गलत तरीके से पैसों का लेनदेन किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 148/26 धारा 318(4),319 (2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मामले में धारा 4(क) पब्लिक गैंबलिंग एक्ट का इजाफा किया गया।

मुखबिर सूचना पर आरोपी योगेश बजाज को पकड़ा गया जिसने बताया कि कांकेर छ.ग. निवासी मनीष एवं रोहित से क्रिकेट सट्टा की आन लाइन मास्टर आई.डी. 20त्र कमीशन पर लिया था । मनीष व रोहित क्रिकेट सट्टा के रुपयों को वह कटनी में अलग अलग व्यक्तियों के खातों का उपयोग कर ट्रान्सफर कर कैश के रुप में करा लेता था। आरोपी द्वारा स्वयं के खातों का उपयोग करने के साथ, कर्मचारी अमित दाहिया के नाम से बंधन बैंक, ॥ बैंक में कुल 04 खाते खुलवाये थे। खातो में लिंक सिम का उपयोग स्वयं के मोबाइल पर लगाकर आनलाइन



लेन देन करता था। आरोपी द्वारा कर्मचारी के उपयोग किये जाने वाले खातों की जानकारी प्राप्त की गई। जिनमें आरोपी द्वारा बंधन बैंक के खाता में लगभग 01 करोड 09 लाख, एच.डी.एफ.सी. बैंक के दो खातों में लगभग 01 करोड़ 04 लाख 54 हजार एवं आई.डी.बी.आई. के खाते से लगभग 59 लाख रुपयों का आनलाइन ट्रान्सफर कराया गया है। योगेश बजाज के द्वारा अन्य लोगों का खाता भी उपयोग किया गया। आरोपी के स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों के खातों से (कुल लगभग 3 करोड 29 लाख 24 हजार रुपयो) का लेन देन आन लाइन व अन्य माध्यमों से किया है। आरोपी योगेश बजाज के व्दारा कांकेर छत्तीसगढ निवासी मनीष से आनलाईन क्रिकेट सट्टे की आईडी लेकर कटनी में अन्य लोगो को सट्टा खेलने के लिये आई डी दी गई थी उसके पास से 4 लाख 80 हजार रुपये कैश के साथ-साथ 03 चैक बुक, 03 एटीएम कार्ड एवं एक पास बुक जो अलग अलग व्यक्तियों के होना पाये गये एवं आरोपी का मोबाइल जप्त किया गया। मोबाइल पर विभिन्न प्रकार के चैट ग्रुपस् एवं संदिग्धों से रुपयों पैसों के हिसाब की जानकारी प्राप्त हुई है। ट्रान्सफर रुपयों को उसके सहयोगियों के खातों में एवं सहयोगियों द्वारा उपलब्ध कराये गये खातों में ट्रान्सफर कर कैश ले लेता था। आरोपी द्वारा उपयोग किये गये अन्य व्यक्तियों के एकाउण्टों के एटीएम से 72000/- रुपये कैश निकालकर जप्त किया गया। आरोपी योगेश बजाज से कुल नगदी 5 लाख 52 हजार रुपये जप्त किया गया है।

अधिक मात्रा में कैश इकट्ठा हो जाने पर योगेश कैश रुपया को मनीष एवं रोहित को हवाला के माध्यम से किसी व्यक्ति को भेज देता था जो योगेश बजाज व्हाटसैप पर आये हवाला के नोट से मिलान कर व्यक्ति को रुपया दे देता था।

मनीष के अलावा भी संत नगर निवासी तरुण मोटवानी अपने दोस्त द्वारा अलग अलग एकाउण्टों से योगेश बजाज द्वारा दिये गये खातों पर आन लाइन रुपया ट्रान्सफर करता था। जिसके बदले में तरुण मोटवानी, योगेश बजाज से कैश रुपया प्राप्त कर लेता था। उपयोग में आये खातों में होल्ड लगवाया गया है।

आरोपी योगेश बजाज, तरुण मोटवानी, अवधेश गुप्ता की गिरफ्तारी की जा चुकी है। छ.ग. निवासी मनीष, रोहित एवं अन्य 4 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जाना शेष है।

आरोपी योगेश बजाज व्दारा उपयोग में लाये गये खातो की जानकारी प्राप्त की जाकर संलिप्त व्यक्तियो की जानकारी प्राप्त की जा रही है जल्दी ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी होने की सम्भावना है।उक्त कार्यवाही में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी: निरीक्षक संजय दुबे, थाना प्रभारी एन.के.जे. उप निरी. रूपेन्द्र राजपूत, थाना प्रभारी रंगनाथ नगर अरुण पाल, उप निरी. योगेश मिश्रा, उप नवीन नामदेव, आरक्षक मणि सिंह, लोकेन्द्र सिंह, उमाकान्त तिवारी एवं सायसेल के आर. अजय साकेत, शुभम गौतम, सतेन्द्र सिंह, चंदन प्रजापति, अमित श्रीपाल की सराहनीय भूमिका रही।

**जनहित में जारी एडवाइजरी**-किसी भी परिस्थिति में अपने नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसके दस्तावेज/एटीएम/पासबुक किसी अन्य को न दें।

बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर, ओटीपी एवं नेट बैंकिंग की जानकारी गोपनीय रखें।

कैश देने के बदले किसी के कहने पर अपने बैंक खाते में ऑनलाइन पैसा लेने से पहले पूरी सतर्कता बरतें। कमीशन या लाभ के लालच में इस प्रकार का लेन-देन करना अवैध गतिविधियों से जुड़ा हो सकता है।

कमीशन के चक्कर में अवैध संदिग्ध राशि अपने खाते में लेना च्मनी लॉन्ड्रिंगज् की श्रेणी में आ सकता है, जो एक गंभीर दंडनीय अपराध है।

किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल संबंधित बैंक एवं नजदीकी पुलिस थाना/सायबर सेल को दें।

क्रिकेट सट्टा, हवाला या अवैध ऑनलाइन ट्राजेक्शन से दूर रहें- इसमें संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सतर्क रहें सरक्षित रहें।

# भारत को दक्षिण अफ्रीका से मिलेगी कड़ी चुनौती

अहमदाबाद (वार्ता)।

आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर आठ स्टेज में रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सबसे रोमांचक मुकाबला होने वाला है। दोनों टीमें लीग स्टेज में हारी नहीं हैं, जिससे यह मुकाबला न सिर्फ पॉइंट्स के लिए बल्कि साइकोलॉजिकल फायदे के लिए भी जरूरी है। भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड से कॉन्फिडेंस के साथ मैदान में उतरेगा, उसने इस जगह पर अब तक खेले गए सभी सात टी20 जीते हैं। हालांकि, प्रोटियाज़ टीम वापसी के मिशन पर है, उसने यहां अपने पिछले तीन टी20 जीते हैं, जिससे यह साबित होता है कि कोई भी लय अछूती नहीं है। कहानी अनोखी है-घरेलू दबदबा बनाम अहमदाबाद की लाइट्स में शानदार फॉर्म में चल रही टीम इसे चुनौती देना चाहती है। भारत की बैटिंग ताकत शानदार रही है। ईशान किशन ने 176 रन बनाकर शुरुआत से ही हावी होने की अपनी काबिलियत दिखाई है।



### अभिषेक शर्मा के रनों की कमी ने चिंताएं बढ़ा दी

इस जगह के मास्टर सूर्यकुमार यादव ने छह मैचों में 162 रन बनाए हैं, जिससे अहमदाबाद जैसे सपाट ट्रैक पर स्थिरता और टाइमिंग बहुत जरूरी है। शिवम दुबे ने फिनिशर की भूमिका निभाई है, उन्होंने 178 से अधिक की स्पीड से रन बनाए हैं, जो डेथ ओवरों में अच्छे स्कोर को मजबूत बनाने में सक्षम हैं। हालांकि, भारत की बल्लेबाजी लाइनअप के सामने चुनौतियां हैं। शीर्ष पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों की भारी मौजूदगी दक्षिण अफ्रीका के विविध गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ कमजोरी हो सकती है, और अभिषेक शर्मा के रनों की कमी ने चिंताएं बढ़ा दी हैं।

### संजू सैमसन अहम भूमिका निभा सकते हैं

अगर लाइनअप में मौका दिया जाए तो संजू सैमसन अहम भूमिका निभा सकते हैं, जो स्पिन-भारी मध्य ओवरों का सही जवाब दे सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, भारत एक संतुलित आक्रमण पर निर्भर है। वरुण चक्रवर्ती ने अब तक नौ विकेट लिए हैं, और अक्षर पटेल ने छह, जिससे स्पिन उनकी रणनीति का मुख्य आधार है। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालते हैं, खासकर डेथ ओवरों में। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है; अहमदाबाद में रात के मैचों से पता चला है कि चेज करने वाली टीमों को अक्सर थोड़ा फ़ायदा होता है, और टॉस जीतने वाला कप्तान लाइट्स में हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने का ऑप्शन चुन सकता है।

### अफ्रीका का अभियान भी शानदार रहा

दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी उतना ही शानदार रहा है, जिसमें कंसिस्टेंसी और डेप्थ की पहचान है। कप्तान एडेन मार्करम ने आगे से लीड करते हुए 178 रन बनाए हैं, जबकि रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस ने टॉप पर उनका साथ दिया है। मिडिल ऑर्डर, जिसमें डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स हैं, में एक्सपीरियंस और अग्रेसन का मेल है, खासकर स्पिन के खिलाफ़, और जरूरत पड़ने पर इनिंग्स को तेज कर सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बॉलिंग यूनिट में कुछ चिंताएँ हैं; कगिसो रबाडा ने स्ट्रगल किया है, उन्होंने सिर्फ़ दो विकेट लिए हैं, लेकिन लुंगी एनगिडी अपनी वैरिएशन से जबरदस्त रहे हैं, उन्होंने तीन मैचों में आठ विकेट लिए हैं। मार्को यानसन ने भी जरूरी मौकों पर ब्रेक दिलाए हैं। प्रोटियाज़ को इंडिया की मज़बूत बैटिंग लाइनअप को चैलेंज करने के लिए हर बॉलर से एक साथ परफ़ॉर्म करने की जरूरत होगी।

अहमदाबाद की पिच हाई-स्कोरिंग मैच का वादा करती है। फ्लैट और सही, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है, पार स्कोर 200-210 के आसपास रहने की उम्मीद है। तेज गेंदबाज़ों को तेज़ गेंदों से कुछ मदद मिलेगी, और स्पिनर बीच के ओवरों को कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे।

### मौसम के हालात सही रहने की उम्मीद

मौसम के हालात सही रहने की उम्मीद है, तापमान 27एसेल्सियस के आसपास, आसमान साफ़, और हल्की हवाएँ, जो पूरे टी20 मैच के लिए एकदम सही हालात बनाती हैं। आमने-सामने का रिकॉर्ड थोड़ा भारत के पक्ष में है, पिछले दस मैचों में सात जीत के साथ। फिर भी, इस जगह पर दक्षिण अफ़्रीका की हालिया जीत का मतलब है कि इस मुकाबले को हल्के में नहीं लिया जा सकता। दोनों टीमें सुपर आठ स्टेज में बिना हारे हैं, जिससे दांव और बढ़ जाते हैं।

### हर बाउंड्री, हर विकेट, और हर स्ट्रेटेजिक फ़ैसला

टॉस से लेकर बैटिंग ऑर्डर में बदलाव तक - नतीजे पर असर डाल सकता है। यह मुकाबला एक टैक्टिकल लड़ाई भी है- भारत के स्पिनर बनाम दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के ज़्यादातर टॉप पांच, पेस बनाम स्पिन मुकाबला, और विकेटों की टाइमिंग रात की कहानी तय कर सकती है। आखिर में, इस मैच की कहानी दिलचस्प है - इंडिया का अपने घर में शानदार खेल बनाम प्रोटियाज का वापसी का मिशन। साउथ अफ्रीका के पास इंडिया को चुनौती देने की ताकत है, वहीं मेन इन ब्लू को अपने घर के हालात और बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड का दोहरा फ़ायदा मिलता है। अहमदाबाद की लाइट्स में आखिरी ओवरों में एक करीबी, हाई-वोल्टेज मैच का फ़ैसला हो सकता है।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, शिवम दुबे, ईशान किशन (विकेट कीपर), कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन (विकेट कीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, क्वेना मफाका, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्त्जे, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन (विकेट कीपर), जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स।



# भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार जीती सीरीज

एडिलेड (वार्ता)।

भारतीय महिला टीम ने शनिवार को तीसरा टी-20 17 रन से जीतने के साथ ऑस्ट्रेलिया में पहली बार कोई सीरीज जीती है। इससे पहले तक भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारुपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई थी। 2017 के बाद यह पहली बार है जब ऑस्ट्रेलिया को किसी भी प्रारुप में अपने घर में एक भी सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। इसकी शुरुआत स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच शानदार साझेदारी से हुई। ऋचा घोष ने भी एडिलेड ओवल में महिलाओं के टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर बनाने में शानदार भूमिका निभाई। इसके बाद श्रेयंका पाटिल ने पावरप्ले में दो विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम बुरी तरह लड़खड़ा गया। एश्ले गार्डनर ने थोड़ी देर के लिए मेजबान टीम को उम्मीद दी लेकिन उनकी 57 रन की पारी बेकार गई। मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, च्मुझे लगता है कि यह पूरी टीम का प्रयास है। हर कोई बहुत पॉजिटिव है और सच में टीम के लिए कुछ करना चाहता है। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि हर कोई आगे आ रहा है और टीम के लिए योगदान दे रहा है। (स्मृति-जेमिमा की साझेदारी पर) हां, मुझे लगता है कि हर साझेदारी हमारे लिए बहुत जरूरी थी। टीम बैठक में हमने यही बात की थी, कि हमें वहां रहना है। हमें जिम्मेदारी लेते रहना है, उन दोनों ने बहुत बड़ा रोल निभाया। और जिस तरह से स्मृति बल्लेबाजी कर रही थी, उससे बहुत खुश हूं, और यह देखकर अच्छा लगा कि जैमी ने भी सही समय पर योगदान दिया। बॉलिंग प्लान पर हरमनप्रीत ने कहा, खैर, प्लान बहुत सिंपल हैं। मुझे लगता है कि जब भी हम 10 विकेट लेते हैं, तो हम हमेशा जीतने वाली टीम में होते हैं। यह बहुत साफ था कि, ऐसी टीम में, जब आपको पता हो कि आपके पास इतने सारे बल्लेबाज हैं, तो यह केवल विकेट लेने के बारे में है। यह आसान नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि गेंदबाजों ने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया।

# टॉप सीड सिद्धांत बंथिया और अलेक्जेंडर डोंस्की ने जीता युगल खिताब



**नयी दिल्ली (वार्ता)** । टॉप सीड सिद्धांत बंथिया (भारत) और अलेक्जेंडर डोंस्की (बुल्गारिया) ने शनिवार को डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में एक रोमांचक फाइनल में मैच पॉइंट बचाकर 2026 दिल्ली ओपन का डबल्स टाइटल जीता। सिंगल्स ड्रॉ में, पांचवें सीड ओलिवर क्रॉफर्ड (ग्रेट ब्रिटेन) और अनसीडेड स्टेफानोस सकेलारिडिस (ग्रीस) रविवार को टाइटल क्लैश के लिए आगे बढ़े। बंथिया और डोंस्की पहले सेट में निकी कालियांडा पूनाचा (भारत) और रूच्या इसारो (इंडोनेशिया) की दूसरी सीडेड जोड़ी से 4-6 से हार गए, लेकिन वापसी करते हुए दूसरे सेट को भी इसी स्कोरलाइन से जीत लिया। मैच टाई-ब्रेक में काफ़ी टेंशन रही। 10-10 पर, दोनों टीमों ने एक-एक मैच पॉइंट बचाया, इससे पहले कि बंथिया और डोंस्की ने 4-6, 6-4, 12-10 से मैच जीतकर टाइटल अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ बंथिया ने अपने करियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स टाइटल जीता - दोनों ने डोंस्की के साथ मिलकर जीता - जबकि यह डोंस्की का तीसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स क्राउन है। बंथिया और डोंस्की ने 75 रैंकिंग पॉइंट्स और 4,980 डॉलर का प्राइज़ मनी चेक जीता, जबकि पूनाचा/इसारो ने 50 रैंकिंग पॉइंट्स और 2,880 डॉलर का प्राइज़ मनी चेक जीता। डबल्स सेमी-फ़ाइनल दिन में पहले हुए, जहाँ बंथिया और डोंस्की ने जे क्लार्क और माइकल गीर्ट्स की ब्रिटिश-बेल्जियम की जोड़ी को 7-6(6), 7-6(3) से हराया, जबकि पूनाचा और इसारो ने जीसुंग नाम और पैट्रिक निकलास-सालमिनेन की कोरियाई-फिनिश जोड़ी को 7-6(3), 6-4 से हराया। यह तीसरी बार था जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने दिल्ली ओपन में डबल्स ट्रॉफ़ी जीती।

### बीसीसीआई ने नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिए खोले सहयोग के द्वार

**मुम्बई (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को भारतीय क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) के लिए सहयोग की घोषणा की है। बीसीसीआई की इस पहल के तहत अब पुरुष और महिला दोनों टीमों को प्रत्येक वर्ष दो विदेशी टूर्नामेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रा का प्रबंध, भारत में होने वाली द्विपक्षीय सीरीज के दौरान घरेलू और मेहमान टीमों के रहने की जगह का इंतजाम तथा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बीसीसीआई से जुड़े स्टेडियम और मैदान तक एक्सेस, जिससे उच्च स्तरीय खेलने के हालात और प्रोफेशनल मैच का माहौल पक्का, का प्रबंध करेगा। इस अवसर पर बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, च्भारत के नेत्रहीन क्रिकेटरों की कामयाबी क्रिकेट जगत के लिए बहुत गर्व की बात है। इस सपोर्ट फ्रेमवर्क के जरिए बीसीसीआई का उद्देश्य इन एथलीटों के लिए मौके, ढांचा और एक्सपोजर को मजबूत करना है। खेल के लिए हमारे विजन में सबको साथ लेकर चलना सबसे जरूरी है।

# भारत ने अपनी बेस्ट 11 ढूंढ ली है : शास्त्री

अहमदाबाद (वार्ता)।

बुधवार को, इंडिया ने नीदरलैंड्स पर ज़बरदस्त जीत के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया, जिससे टी20 वर्ल्ड कप में उनकी जीत का सिलसिला 12 तक पहुंच गया। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दो बार की चैंपियन टीम, जिसके लाइन-अप में बहुत सारे खिलाड़ी हैं, ने शायद अपनी बेस्ट 11 ढूंढ ली है। उनका मानना है कि इंडिया रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ फेज की शुरुआत में उसी टीम के साथ उतरेगी जिसने डच टीम को हराया था।



शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू को बताया, मुझे लगता है कि यह लगभग वही टीम होगी क्योंकि आपके पास गहराई है, आपके पास पूरी तैयारी है, आपके पास ऑप्शन हैं, आपको ऑप्शन की जरूरत है। जब ओस होती है, तो आपको एक्स्ट्रा बॉलिंग ऑप्शन की जरूरत होती है। चाहे वह शिवम दुबे हों, चाहे हार्दिक (पंड्या) अपने पूरे कोटे के ओवर बॉलिंग कर रहे हों, चाहे तिलक वर्मा हों जो एक या दो ओवर के लिए हाथ घुमा सकते हैं, आपको इन ऑप्शन की जरूरत होती है। मुझे नहीं लगता कि वे टीम में कोई बदलाव करेंगे। मुझे लगता है कि पिछले गेम में खेलने वाली टीम अच्छी थी। उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि (भारत के लिए) पॉजिटिव बात यह है कि हर गेम में कोई न कोई ऐसा रहा है जो डटा रहा है। यह ईशान किशन रहा है, कभी-कभी पहले गेम में सूर्य (सूर्यकुमार यादव)। तिलक वर्मा ने अपना रोल निभाया है। उसने शुरुआत तो अच्छी की है लेकिन मुझे अब भी लगता है कि उसका बेस्ट अभी आना बाकी है। मैं इसे पॉजिटिव मानता हूं कि अभिषेक शर्मा ने तीन ज़ीरो बनाए हैं। इसलिए, अपना बेस्ट टूर्नामेंट के जरूरी समय के लिए बचाकर रखें। शास्त्री ने कहा, टीमों को थोड़ी चिंता होगी कि वह रन नहीं बना पाया। शास्त्री का मानना है कि एकमात्र दुविधा यह है कि अक्षर पटेल को खिलाएं या वाशिंगटन सुंदर को। हालांकि यह कोई एक जैसी तुलना नहीं है पटेल बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि सुंदर ऑफ-ब्रेक बॉलर हैं लेकिन वे दोनों बल्ले से बहुत अच्छे हैं। सुंदर, जो इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद से चोट के कारण टीम से बाहर हैं, उन्हें नीदरलैंड्स के खिलाफ पटेल की जगह लाया गया, जिससे टूर्नामेंट के आखिरी दौर में पहुंचने से पहले उन्हें कुछ जरूरी खेलने का समय मिल गया।

भारत की तरह, दक्षिण अफ्रीका भी अब तक टूर्नामेंट में हारा नहीं है और अगले स्टेज तक इसी आत्मविश्वास के साथ खेलेगा।शास्त्री ने कहा,उनकी बैटिंग में गहराई है। भारत की बैटिंग में गहराई है। मुझे लगता है कि यह एक ज़बरदस्त मुकाबला है। ये दो सबसे मज़बूत टीमें हैं, कोई कह सकता है, जो इस टूर्नामेंट में खेल रही हैं, 22 तारीख को यह गेम खेल रही हैं। क्योंकि आपको उन्हें इसका क्रेडिट देना होगा क्योंकि वे पिछली बार वर्ल्ड कप फाइनलिस्ट थे और वे इस समय अपनी पूरी क्षमता से खेल रहे हैं।

# स्क्रैप और रीसाइक्लिंग क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने के लिए संरचनात्मक सुधार जरूरी

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भारत के कबाड़ और रिसाइक्लिंग बाजार को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए व्यापक संरचनात्मक सुधार आवश्यक हैं। उद्योग जगत के नेताओं और नीति निर्माताओं ने यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा मेटलएक्स के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में यह बात कही। री-इमैजिनिंग इंडियाज़ स्क्रैप एंड रीसाइक्लिंग मार्केट विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में सरकारी अधिकारी, नियामक संस्थाएं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, रीसाइक्लर, वित्तीय संस्थान और प्रौद्योगिकी प्रदाता शामिल हुए। सम्मेलन में रीसाइक्लिंग वैल्यू चेन में पारदर्शिता, सुशासन और संस्थागत भरोसा



बढ़ाने पर मंथन किया गया। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव डॉ. जतिंदर सिंह ने कहा कि देश के लगभग 60 से 70 प्रतिशत कबाड़ी बाजार का संचालन अनौपचारिक रूप से हो रहा है, जहां 25 से 30 प्रतिशत तक मिलावट और मूल्य अस्थिरता की समस्या एमएसएमई के लिए चुनौती बनी हुई है। उन्होंने बाजार के औपचारिकीकरण, डिजिटल परिवर्तन, वित्त तक बेहतर पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने केन्द्रीय बजट 2026 का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रोत्साहन और शुल्क छूट के माध्यम से भारत को वैश्विक रीसाइक्लिंग हब के रूप में स्थापित किया जा सकता है, जहां स्वच्छ भारत 2.0 के तहत लगभग 17 अरब अमेरिकी डॉलर का अवसर है। पीएचडीसीसीआई की खनिज एवं धातु समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि कबाड़ प्रबंधन अब केवल एक परिचालन मुद्दा नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धा और स्थिरता से जुड़ा रणनीतिक विषय बन गया है।

उन्होंने बताया कि एक टन पुनर्चक्रित स्टील से 1.1 टन लौह अयस्क और 630 किलोग्राम कोकिंग कोयले की बचत होती है, साथ ही उत्सर्जन में करीब 28 प्रतिशत की कमी आती है।

### बागडे ने नागौर जिले में पांचडोलियां गांव में ग्रामीणों से किया संवाद

नागौर (वार्ता)।

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को नागौर जिले में पांचडोलियां गांव में ग्रामीणों से संवाद किया और इस दौरान उनकी प्रेरणा से राजस्थानी प्रवासी दरड़ा परिवार ने पांचडोलियां उच्च प्राथमिक विद्यालय में भवन एवं कमरा निर्माण कराने की घोषणा की। श्री बागडे ने ग्रामीणजनों के लिए क्रियान्वित विकास योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें विकास में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान राज्यपाल ने राजस्थानी प्रवासी दरड़ा परिवार को अपनी जन्मभूमि के लिए विकास कार्य के लिए प्रेरित किया और उनकी प्रेरणा से महाराष्ट्र में लोकमत संचार समूह के प्रवासी विजय दरड़ा परिवार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भवन एवं कमरा निर्माण करवाने के लिए सहमति प्रदान करते हुए इसके लिए मौके पर ही घोषणा की।

# ओमनीटेक इंजीनियरिंग का आईपीओ 25 फरवरी को खुलेगा

**अहमदाबाद (वार्ता)।** ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 फरवरी को खुलेगा। कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान में कहा इसका पांच रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरो का आईपीओ बुधवार, 25 फरवरी को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली/प्रस्ताव खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले, यानी मंगलवार, 24 फरवरी है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तिथि शुक्रवार, 27 फरवरी है। प्रस्ताव का मूल्य बैंड पांच रुपये अंकित मूल्य के प्रति इक्विटी शेयर 216 से 227 रुपये तक निर्धारित किया गया है। न्यूनतम पांच रुपये अंकित मूल्य के 66 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 66 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती है। इस प्रस्ताव में 418 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों, उदयकुमार अरुणकुमार पारेख द्वारा 165 करोड़ रुपये तक की




बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटकों और असेंबली के प्रमुख निर्माताओं में से एक है, जो ऊर्जा, गति नियंत्रण और स्वचालन, औद्योगिक उपकरण प्रणाली, धातु निर्माण और अन्य विविध औद्योगिक अनुप्रयोगों जैसे उद्योगों में वैश्विक ग्राहकों को आपूर्ति करती है। 19 वर्षों के अनुभव के साथ, कंपनी उच्च परिशुद्धता वाले इंजीनियर घटकों और असेंबली का निर्माण करती है, जिनका उपयोग मुख्य रूप से सुरक्षा-महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में किया जाता है।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद मामूली बढ़त दर्ज की




### ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार ने 20 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में मिश्रित रुझान दिखाया, लेकिन सप्ताह के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी ने मामूली बढ़त के साथ बंद किया। सप्ताह के दौरान वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेत, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। हालांकि, ब्लू-चिप और बैंकिंग शेयरों में निवेशकों की चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया और हफ़्ते के आखिरी दिन मामूली सुधार देखने को मिला। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को कमजोर रही। सेंसेक्स 82,276.95 अंक पर खुला और शुरुआती गिरावट के बाद 537.49 अंक की तेजी के साथ 83,164.25 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25,372.70 से 25,660 तक बढ़ा। मंगलवार को भी शुरुआती कारोबार में गिरावट देखी गई, लेकिन इंफोसिस और आईटीसी जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 173.81 अंक और निफ्टी को 42.65 अंक ऊपर लाकर बाजार को स्थिर किया। बुधवार को बाजार में मामूली बढ़त रही। सेंसेक्स 283.29 अंक बढ़कर 83,734.25 और निफ्टी 93.95 अंक की बढ़त के साथ 25,819.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को स्थिति बदल गई। सेवा और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में बिकवाली के दबाव ने सेंसेक्स को 1,236.11 अंक गिराकर 82,498.14 और निफ्टी को 365 अंक घटाकर 25,454.35 पर ला दिया।

# अमेरिकी टैरिफ हटने से भारतीय निर्यात को लगेंगे पंख

### उद्योग जगत ने कहा-बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

नई दिल्ली।

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने भारतीय निर्यातकों और व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विदेशी सामानों पर लगाए गए भारी-भरकम आयात शुल्कों को रद्द कर दिया है। भारतीय उद्योग जगत का मानना है कि इस फैसले से अमेरिका को होने वाले निर्यात में भारी उछाल आएगा और देश में हजारों नए रोजगार पैदा होंगे।

**हीरा और आभूषण उद्योग को बड़ी राहत** - इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के गुजरात अध्यक्ष नैनेश पच्चीगर से बात करते हुए इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि हालांकि हीरों पर टैक्स कम था, लेकिन डायमंड ज्वेलरी और अन्य गहनों पर लगभग 18प्रतिशत का भारी टैक्स लग रहा था। पच्चीगर ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला गेम-चेंजर साबित होगा। टैक्स हटने से भारतीय



आभूषण अमेरिकी बाजार में सस्ते होंगे और उनकी मांग बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा हमारे उन छोटे कारीगरों को मिलेगा जो अपनी रोजी-रोटी के लिए इस काम पर निर्भर हैं।

**निर्यात में आएगी तेजी, बढ़ेगा रोजगार** - गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश गांधी ने इस बदलाव को बहुत सकारात्मक बताया है। उनका कहना है कि अगर टैक्स में कटौती होती है, तो भारतीय सामान अमेरिका में अन्य देशों के मुकाबले अधिक कॉम्पिटिटिव हो जाएंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा कपड़ा , मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग सेक्टर को मिलेगा। जब निर्यात बढ़ेगा, तो कंपनियों को अधिक उत्पादन करना होगा, जिससे युवाओं के लिए नौकरियों के नए अवसर खुलेंगे।

**वसूल किए गए पैसे की होगी वापसी (रिफंड)** - यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुताबिक, इस फैसले के बाद भारत और ब्राजील से आने वाले सामानों पर जो अतिरिक्त टैक्स वसूला गया था, उसे वापस करने का रास्ता भी साफ हो गया है। अमेरिका में लगभग 2 लाख छोटे कारोबारी इस रिफंड के हकदार हो सकते हैं। जब वहां के व्यापारियों को पैसा वापस मिलेगा, तो वे भारत से और अधिक माल मंगाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

**क्या था पूरा मामला** - राष्ट्रपति ट्रंप ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल कर भारत और ब्राजील जैसे देशों से आने वाले सामानों पर भारी टैक्स लगा दिया था।

लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों ने इसे गलत माना और कहा कि राष्ट्रपति के पास इस तरह एकतरफा टैक्स लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है। यह फैसला भारतीय निर्यातकों के लिए उम्मीद की एक नई किरण लेकर आया है, लेकिन अभी यह देखना बाकी है कि ट्रंप प्रशासन इस पर क्या कानूनी कदम उठाता है। फिलहाल, भारतीय हीरा और कपड़ा उद्योग इस जीत का जश्न मना रहे हैं।

# विकास, नवाचार और किसान समृद्धि का रोल मॉडल बन रहा दतिया : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने सेवढ़ा में दी दतिया जिलेवासियों को 529 करोड़ रूपए से अधिक के 71 विकास कार्यों की सौगात

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दतिया वीरता और भक्ति का अद्भुत संगम है। यहां आस्था और प्रगति का उत्कृष्ट संगम है। हमारी सरकार दतिया के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। विगत वर्ष बुंदेला काल के दतिया महल और गुज्जरा लघु शिलालेख को यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में स्थान मिल गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया जिले की विकास यात्रा अब रूकने वाली नहीं है। आज दतिया विकास, नवाचार, महिला सशक्तिकरण और किसान समृद्धि का एक रोल मॉडल बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया में एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ दतिया से भोपाल फ्लाईट भी शुरू हो गई है। खजुराहो से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन के जरिए दिल्ली अब दतिया से चंद घंटों की दूरी पर आ गया है। उन्होंने कहा कि दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है। इससे जिले के पर्यटन को नए पंख लगेंगे और दतिया को एक नई धार्मिक एवं आध्यात्मिक पहचान भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा तहसील मुख्यालय में 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रूपए की लागत वाली



रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दतिया जिले के नशामुक्ति कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए जिलेवासियों को बधाई दी।

### केन-बेतवा नदी परियोजना का किसानों को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कभी पेयजल संकट से जूझने वाला दतिया में आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है। इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दतिया जिले में 1.48 लाख हैक्टेयर से अधिक भू-रकबे में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से यहां कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। विगत दो सालों में यहां 7 लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ जिले के 1.37 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। फसल बीमा योजना यहां के 1.26 लाख से अधिक किसानों का सुरक्षा कवच बनी है।

### पशुपालन और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि और सम्मान के लिए दृढ़-संकल्पित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किसान भाइयों के खाते में सम्मान निधि भेजने की शुरुआत की है। हमारे लिए सीमा पर जवान और खेतों में किसान, दोनों बराबर हैं। दोनों समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहकर हर मौसम में काम करते हैं। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में किसानों को पर्याप्त बिजली और सिंचाई की सुविधा मिल रही है। किसानों को सोलर पंप देकर बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दतिया जिले के लिए कुल 529 करोड़ रूपए के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इसमें 299 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत से 50 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 230 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से 21 नए विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये सभी सौगातें जिले की अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और ग्रामीण विकास को नई दिशा प्रदान करेंगी।

### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दतिया से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 475 करोड़ रूपए से नई सड़क बनाने की घोषणा की। उन्होंने इंदरगढ़ में नवीन बस स्टैंड की घोषणा करते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए भी राशि दी जाएगी। सेवढ़ा में नया इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इंदरगढ़ में 8.5 किलोमीटर लंबा बायपास बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने द्वारका योजना के अंतर्गत नगर परिषद सेवढ़ा को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रूपए देने की घोषणा की।

***पात्र हितग्राहियों को मिलेगें पक्के मकान***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना के माध्यम से मुश्किल वक्त में गरीब भाई-बहनों के परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दी जा रही है। प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही स्कूलों में नि:शुल्क दूध वितरित की योजना शुरू की जाएगी। इससे बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य और पोषण का लाभ मिलेगा। हमारी सरकार शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबें, साइकिल और लैपटॉप प्रदान कर रही है।



# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों को मिले तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं : शुक्ल

## डीएम कार्डियोलॉजी के लिए चार सीटों की स्वीकृति

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा से मरीजों को अन्यत्र रेफर न किए जाने के प्रयास हों, तृतीयक स्तर की उन्नत चिकित्सा सेवाएं यही उपलब्ध हों। यह प्रयास हो कि बाहर के मरीज भी यहाँ इलाज के लिए आएं। रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डीएम कॉर्डियोलॉजी के लिए चार सीटों की स्वीकृति हो गई है। अब यहाँ डीएम की भी पढ़ाई होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के लिए वरदान साबित हुआ है। यहाँ के चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा पूरी लगन व मेहनत से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। प्रदेश भर में इस अस्पताल द्वारा किए गए चिकित्सा इलाज की चर्चा है। यह अस्पताल प्रदेश के अन्य सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की तुलना में सबसे ज्यादा मरीजों को इलाज की सुविधा देने वाला अस्पताल बना है। अब इस अस्पताल में डीएम कॉर्डियोलॉजी के पद स्वीकृत हुए हैं। शीघ्र ही यहाँ अन्य विभागों में एमसीएच की सीटें भी स्वीकृत होंगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा कार्यरत चिकित्सकों की पदोन्नति व उनको मिलने वाले इंसेन्टिव के विषय में भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नियत समयावधि पूर्ण करने पर चिकित्सकों को अगले पद पर तत्काल पदोन्नति दें। उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों व स्टाफ से अपेक्षा की कि इसी तरह मनोयोग से मरीजों का इलाज करते रहें। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में वर्ष 2020 में 155, वर्ष 2021 में 1749, वर्ष 2022 में 2501, वर्ष 2023 में 2846, वर्ष 2024 में 2254 एवं वर्ष 2025 में 2327 एंजियोग्राफी की गईं। जबकि वर्ष 2020 में 80, वर्ष 2021 में 832, वर्ष 2022 में 1595, वर्ष 2023 में 1685, वर्ष 2024 में 1500 व 2025 में 1371 मरीजों की एंजियोप्लास्टी की गई। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अब तक 29 मरीजों की ओपेन हार्ट सर्जरी की जा चुकी है। इसी प्रकार अस्पताल में 8 मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, डॉ. मनोज इंदुलकर, अधीक्षक संजय गांधी डॉ. राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी डॉ. अक्षय श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के चिकित्सक उपस्थित रहे।



# सुनार नदी पर प्रदूषण का संकट

## चोई की हरी चादर से घाटों पर बदबू

हटा (स्वतंत्र मत)

नगर की जीवनरेखा मानी जाने वाली सुनार नदी इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में है। जलस्तर में कमी और शहर के गंदे नालों के सीधे नदी में मिलने से नदी का प्राकृतिक प्रवाह धीमा पड़ गया है। इसके कारण घाटों पर पानी ठहरकर चोई हरी काई की मोटी परत बन गई है जिससे बदबू फैल रही है और श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नावघाट क्षेत्र में नाले का दूषित पानी सीधे नदी में मिल रहा है। जलस्तर कम होने से यह गंदा पानी बह नहीं पा रहा बल्कि नावघाट, हजारी घाट, मातन घाट और घुराघाट पर जमा होकर प्रदूषण बढ़ा रहा है। घाटों पर पानी की सतह पर हरी चादर साफ दिखाई दे रही है जिससे स्नान और धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व वर्षों में पंचमनगर बांध से समय-समय पर पानी छोड़े जाने से नदी का प्रवाह बना रहता था और नालों की गंदगी बह जाती थी। इस बार पानी नहीं छोड़े जाने से हालात बिगड़ गए हैं और घाटों पर बदबू बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों में व्यस्तता के कारण नदी की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिससे समस्या गंभीर हो गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र खरे ने बताया कि पंचमनगर बांध से पानी छोड़े जाने के लिए पत्र भेजा गया है। साथ ही गंदे नालों के पानी को सीधे नदी में मिलने से रोकने के लिए अस्थायी बोरी बांध सैंडबैग बैरियर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही जल गुणवत्ता सुधार के प्रयास किए जाएंगे।

# ओवरलोडिंग पर कोई लगाम नहीं, दमोह-पन्ना मार्ग पर भूसे से लदी ट्रॉलियों ने घेरा सड़क का बड़ा हिस्सा

**हटा (स्वतंत्र मत)।** नगर से गुजर रहे दमोह-पन्ना मार्ग पर इन दिनों ओवरलोडिंग का खतरनाक नजारा देखने को मिल रहा है। भूसे से इस कदर लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर दौड़ रही हैं कि मानो पूरा रास्ता उन्हीं के लिए आरक्षित हो। ओवरलोड ट्रॉलियों के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है जिससे अन्य वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रॉलियों में क्षमता से कई गुना अधिक भूसा लादा जा रहा है। तेज हवा या अचानक ब्रेक लगने की स्थिति में भूसा गिरने और वाहन असंतुलित होने का खतरा बना रहता है जिससे बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। राहगीरों और वाहन चालकों ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण कई बार सामने से आने वाले वाहनों को किनारे उतरकर निकलना पड़ता है। रात के समय यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, जब ट्रॉलियों पर पर्याप्त रिफ्लेक्टर या लाइट की व्यवस्था भी नहीं होती। नागरिकों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। लोगों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना के इंतजार में नजर आ रहा है जबकि समय रहते सख्त कार्रवाई से हादसों को रोका जा सकता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि यातायात पुलिस द्वारा नियमित जांच अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की जाए और ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती बरती जाए ताकि मार्ग पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित हो सके।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की दी जानकारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने शनिवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि शनिवार को पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 है। इनमें पुरुष मतदाता 2 करोड़ 79 लाख 4 हजार 975, महिला मतदाता 2 करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 904 हैं। बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं अथवा किसी प्रकार का संशोधन है, वे ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। श्री झा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राम प्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती सुरभि तिवारी, श्री संजय श्रीवास्तव एवं श्री राजेश यादव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में आम आदमी पार्टी से शैलेन्द्र नागले, बहुजन समाज पार्टी से पूर्णेन्द्र अहिरवार एवं नरेश बनपुरिया, भारतीय जनता पार्टी से विधायक भगवान दास सबनानी, रजनीश अग्रवाल एवं एस.एस. उप्पल, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से पी.वी. रविचंद्रन तथा कांग्रेस पार्टी से जे.पी. धनोपिया उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड पर किया पुतला दहन

जबेरा (स्वतंत्र मत)

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिसको लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मध्यप्रदेश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जबेरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, नोहटा उपब्लॉक अध्यक्ष संतोष रजक, दीपक यादव, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धन सिंह ठाकुर, भगवत धनगर, श्रीकांत तिवारी, गोलू विश्वकर्मा, विवेक तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। एसडीओपी अर्चना अहीर, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही बस स्टैंड पहुंचे। मौके पर फायर ब्रिगेड भी उपलब्ध रही। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करने का प्रयास किया पुलिस स्टाफने सक्रियता दिखाते हुए पानी के प्रेशर से आग बुझाते हुए पुतला दहन कार्यक्रम सफल हुआ। वहीं बस स्टैंड से एक पुतला भी अपनी गिरफ्त में लिया। मौके पर एएसआई अशोक सिंह, प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दुबे सतीश नामदेव, वैरागी, आरक्षक वीरेंद्र सहित पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

# बोत्स्वाना से 28 फरवरी को आएंगे 8 चीते

## प्रोजेक्ट चीता 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश देती विश्व की सबसे सफल परियोजना: डॉ. यादव

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चीता पुनर्स्थापन के 'प्रोजेक्ट चीता' को विश्व का सबसे सफल अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि 28 फरवरी 2026 तक बोत्सवाना से 8 और चीते लाये जायेंगे। यह परियोजना 'पकृति से प्रगति' का संदेश है। भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, 'प्रोजेक्ट चीता', ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है। कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी



के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हुए प्रयासों ने साकार कर दिया है। भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है।

***ऐतिहासिक शुभारंभ से सशक्त स्थापना***- नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीतों का आगमन हुआ और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया। दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये।

**भारत में जन्मी मुखी ने भी दिया शावकों को जन्म**- दक्षिण अफ्रीका से आये 12 में से 8 चीते वर्तमान में कूनो अभयारण्य में पूर्णत: स्थापित होकर स्वयं को वर्तमान आवास की परिस्थितियों में ढाल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। इनमें से3 चीते गांधी सागर अभयारण्य में स्थानांतरित किए गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी माताओं से जन्मे 10 शावक वर्तमान में जीवित और स्वस्थ हैं। भारत में जन्मी पहली वयस्क मादा चीता 'मुखी' ने भी 5 शावकों को जन्म दिया है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में चीता पुनर्स्थापन परियोजना अब शैशवास्था से आगे बढ़कर स्थायी स्थापना और प्रजनन के चरण में प्रवेश कर युवा हो चुकी है। 'गामिनी' दूसरी बार माँ बनी है। उसकी पहली खेप में 3 स्वस्थ सब-एडल्ट शावक हैं और हाल ही में उसने 3 नए शावकों को जन्म दिया है। वीरा अपने 13 माह के शावक के साथ खुले जंगल में विचरण कर रही है, जबकि निर्वा अपने 10 माह के तीन शावकों के साथ संरक्षित बाड़े में है। नामीबियाई से आये 8 में से 3 चीते वर्तमान में कूनो में स्थापित हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं। नामीबियाई माताओं से जन्मे 12 शावक वर्तमान में जीवित हैं। कूनो में वर्ष2023 से 2026 के बीच कुल 39 शावकों का जन्म हुआ, जिनमें से 27 शावक वर्तमान में कूनो में स्वस्थ और जीवित हैं।

**कूनो से गांधी सागर पहुंची पुनर्स्थापना यात्रा**- कूनो राष्ट्रीय उद्यान के साथ अब गांधी सागर अभयारण्य को भी चीतों के दूसरे घर के रूप में विकसित किया जा चुका है। तीन दक्षिण अफ्रीकी चीतों का वहाँ सफल स्थानांतरण हो चुका है। 'प्रोजेक्ट चीता' ने वन्य जीव संरक्षण को जन-भागीदारी से जोड़ा है। इस परियोजना में सहयोग के लिये 450 से अधिक 'चीता मित्र' तैयार हुए, साथ ही सैकड़ों प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। इससे वन-आधारित आजीविका और सामुदायिक सहभागिता को नई दिशा मिली है।

**लक्ष्य: वर्ष- 2032 तक आत्मनिर्भर चीता आबादी**- परियोजना के तीन वर्ष में प्राकृतिक कारणों और अनुकूलन संबंधी चुनौतियों के चलते कुछ चीतों की मृत्यु भी हुई। परंतु, जीवित चीतों ने भारतीय जलवायु, शिकार प्रजातियों और पारिस्थितिकी के अनुरूप स्वयं को ढालकर यह सिद्ध किया कि यह परियोजना दीर्घकालिक सफलता की ओर अग्रसर है। सरकार का लक्ष्य वर्ष-2032 तक लगभग 17 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 60-70 चीतों की आत्मनिर्भर आबादी स्थापित करना है। इसके लिए गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में एक संरक्षण प्रजनन केंद्र स्थापित किया जायेगा। लुप्त हो चुके चीतों का मात्र तीन वर्ष में देश में सफल पुनर्स्थापन भारत के वन्य जीव संरक्षण का सशक्त उदाहरण है। प्रजनन करती मादा चीतों, दूसरी पीढ़ी के शावकों का जीवित एवं स्वस्थ बने रहना और नए आवासों में विस्तार करना इस बात का संकेत है कि चीता प्रजाति अब भारत की वन पारिस्थितिकी का अविभाज्य अंग बन चुकी है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, मो. आमीन अंसारी पिता मो. आलिम अंसारी, उम्र 24 वर्ष, निवासी- 781, मक्का नगर, आनंद नगर, गली नं. 6, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ, कि:-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ ।
2. यह कि, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज अंकसूची में मेरा नाम AAMEEN ANSARI, मेरे वोटर आई.डी. में मेरा नाम MOHAMMAD AMIN ANSARI, मेरे पेन कार्ड में मेरा नाम MOHD AAMEEN ANSARI एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम MOHD. AAMEEN ANSARI अंकित है।
3. यह कि, इस शपथ पत्र की कंडिका 2 में वर्णित सभी नाम मुझ शपथकर्ता के ही नाम हैं, मैं इन सभी नामों से जाना व पहचाना जाता हूँ।
4. यह कि, मेरे समस्त दस्तावेजों में आधार कार्ड में वर्णित नाम अनुसार मेरा नाम MOHD. AAMEEN ANSARI लिखा, पढ़ा, माना व अंकित किया जावे।

जबलपुर
दिनांक 21.02.2026

शपथकर्ता
मो. आमीन अंसारी

# औषधि क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन ला रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिज़ाइन प्रौद्योगिकी

## हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विजुअल मेडिसिन की नैतिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




हितकारिणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कंप्यूटर एडेड ड्रग डिजाइन क्लब द्वारा विजुअल मेडिसिन की नैतिकता विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के अध्यक्ष एचएस ओबेरॉय की दूरदर्शी शैक्षणिक सोच एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. त्रिप्ति सिंह, ट्रिपल आईटी डीएम में फैकल्टी रिसर्चर तथा ग्राफ़िक डिजाइन विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने विस्तृत व्याख्यान में औषधि क्षेत्र में दृश्य प्रस्तुतीकरण की भूमिका, उसकी नैतिकता तथा समाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर उसके व्यापक प्रभावों पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि औषधीय दृश्य संप्रेषण केवल उत्पाद को आकर्षक बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह रोगियों, चिकित्सकों और समाज तक वैज्ञानिक जानकारी को जिम्मेदारी के साथ पहुंचाने की प्रक्रिया है। औषधि से संबंधित प्रत्येक दृश्य सामग्री का उद्देश्य स्पष्ट जानकारी देना, भ्रम को समाप्त करना तथा रोगी के हितों की रक्षा करना होना चाहिए।

**ब्रांड निर्माण में पारदर्शिता और नैतिक जिम्मेदारी अनिवार्य**- डॉ. त्रिप्ति सिंह ने औषधीय ब्रांड निर्माण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी औषधि की पहचान उसके नाम, प्रतीक, रंग और प्रस्तुतीकरण से बनती है। यदि इसमें अतिरंजना या भ्रामक तत्व शामिल हो जाएं तो यह रोगियों के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए ब्रांड निर्माण में वैज्ञानिक प्रमाण, पारदर्शिता और नैतिक जिम्मेदारी अनिवार्य है। उत्पाद प्रस्तुतीकरण और विपणन के संदर्भ में उन्होंने बताया कि औषधियों का प्रचार केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से नहीं किया जा सकता। इसमें रोगी की सुरक्षा, सही जानकारी और चिकित्सकीय मानकों का पालन सर्वोपरि होना चाहिए। विज्ञापन, पोस्टर और प्रचार सामग्री में ऐसे दावे नहीं होने चाहिए जो वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित न हों या रोगी को भ्रमित करें। औषधीय पैकेजिंग पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पैकेजिंग केवल बाहरी आवरण नहीं है, बल्कि यह रोगी के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करती है। खुराक, सावधानियां, दुष्प्रभाव, उपयोग विधि तथा चेतावनी संबंधी जानकारी स्पष्ट, पठनीय और सुव्यवस्थित रूप में प्रदर्शित होना आवश्यक है। रंगों और प्रतीकों का चयन भी इस प्रकार किया जाना चाहिए कि रोगी को सही संदेश मिले और किसी प्रकार की गलतफहमी की संभावना न रहे।

### विज्ञान और समाज के बीच मजबूत हो विश्वास

उन्होंने यह भी बताया कि आधुनिक समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिज़ाइन प्रौद्योगिकी औषधि क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन ला रही है। ऐसे में दृश्य संप्रेषण को अधिक उत्तरदायी, पारदर्शी और मानवीय बनाना आवश्यक है, ताकि विज्ञान और समाज के बीच विश्वास का संबंध और मजबूत हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए औषधीय उत्पादों की ब्रांड पहचान, पैकेजिंग की प्रभावशीलता, विपणन की मर्यादाएं तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर प्रश्न प्रस्तुत किए। संवादात्मक सत्र ने विद्यार्थियों को औषधि उद्योग में नैतिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका शर्मा द्वारा किया गया तथा अंत में आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. कविता शुक्ला ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को नवीन ज्ञान, नैतिक मूल्यों और व्यावसायिक दक्षता से जोड़ते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# आमने-सामने आए कांग्रेस-भाजपा के कार्यकर्ता पुलिस ने वॉटर कैनन चलाकर खदेड़ा

## एआई समिट में हुए प्रदर्शन को लेकर मचा बवाल

## 10 थानों का पुलिस बल रहा तैनात

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





दिल्ली के इंडिया एआई इंपैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर शहर में भी जमकर प्रदर्शन हुआ। शनिवार को बलदेव बाग चौराहे पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और जमकर नारेबाजी की। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बैरिकेड तोड़ते हुए कांग्रेस कार्यालय के नजदीक पहुंच गए, जहां पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता जब आमने-सामने आ गए, तो पुलिस ने दोनों को अलग किया।

***कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप***- इस दौरान भाजयुमो और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान लगभग 10 थानों की पुलिस सहित एसडीएम, दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 5 सीएसपी सहित कई थानों के टीआई सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही, जो प्रदर्शनकारियों को रोकते रही। इस दौरान कांग्रेस पार्षद अयोध्या तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हमारे कार्यालय के पास पहुंच रहे थे और जब वहां मौजूद पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्होंने हमारे कार्यकर्ताओं पर हमला करने की कोशिश की, जिसका हमारे कार्यकर्ताओं ने डटकर मुकाबला भी किया। भारतीय जनता पार्टी लगातार जनता को परेशान करने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी जनता की लगातार आवाज उठा रही है, जिसके चलते भाजपा बौखला गई है। करीब आधे घंटे तक लगातार प्रदर्शन चलता रहा। इस दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता काफी देर तक एक-दूसरे के आमने-सामने भी रहे।

***पुलिस ने किया बल का इस्तेमाल***- इस मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शन को देखते हुए पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बलदेव बाग के पास से भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और फिर दौड़ लगाते हुए बैरिकेड तोड़ दिया। इसके बाद जब वे कांग्रेस के पूर्व कार्यालय के पास जाने की कोशिश कर रहे थे, तब उन्हें बलपूर्वक रोका गया।

## दुकानदारों को लकड़ी के बत्ते से पीटा

जबलपुर। संजीवनीनगर थाने में गणेश प्रसाद नामदेव उम्र 60 वर्ष निवासी छोटी बजरिया गढा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि हरदौल मदिर के सामने उसकी फैंसी जनरल स्टोर की दुकान है। विगत दिन उसकी दुकान में 2 लड़के आये और दुकान से प्लास्टिक की बाल कीमती 20 रूपये की खरीदे। दुकान में बच्चे की खेलने वाली प्लास्टिक की कार दुकान से उठाये तो उसने सभी सामान के 80 रूपये मांगे। जिसपर उन्होंने कार को रानीताल से खरीदकर लाना बताया। इसी बात पर एक लड़के ने लकड़ी के बत्ते से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी। पड़ौसी दुकानदार सागर सिंह आकर बीच बचाव किया तो उसपर भी लकड़ी के बत्ते से हमला कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# माँ मुझे टैगोर बना दे...



## हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में मोनो प्ले का सफल मंचन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर के जानेमाने थियेटर एक्टर लकी गुप्ता के निर्देशन में मां मुझे टैगोर बना दे शीर्षक से एकल नाट्य, मोनो प्ले का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह उनके सफल मंचन की 1800 वीं प्रस्तुति थी। इस मार्मिक नाट्य मंचन में बच्चों में मूलभूत मानवीय मूल्यों को पुनर्जीवित होते हुए दिखाया गया। नाटक के माध्यम से समर्पित शिक्षकों के लिए माता पिता द्वारा किए गए समर्पण भाव, समय प्रबंधन और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को दर्शाया गया। मंचन में एक छात्र और शिक्षक की सकारात्मक परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाया गया जो गुरू शिष्य परंपरा के बंधन को मजबूती से जोड़ती है। पूरा नाटक एक गांव के मजदूर परिवार के एक युवा लड़के की प्रेरणादायक यात्रा को दर्शाता है कि कैसे बारहवीं कक्षा की परीक्षा के दौरान एक दुर्घटना में उसके पिता की असमय मौत हो जाने पर उसकी मां भी गंभीर बीमारी का सामना करती है। उसे बीच में पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। वह मजदूरी करता है। अपने शिक्षक के एक शब्द से प्रेरित होकर कि जीवन में कभी हार मत मानना, वह दोबारा मेहनत करके परीक्षा देता है और पूरे राज्य में टॉप करता है। लकीजी गुप्ता के सशक्त मंचन ने दर्शकों को अत्यंत भावुक कर दिया।



### एक हजार से अधिक नाटकों का मंचन

ज्ञात हो कि 100 से अधिक बाल नाट्यों का मंचन कर चुके लकीजी गुप्ता पिछले 15 वर्षों में 6 लाख से भी अधिक किलोमीटर की यात्रा कर 28 राज्यों के एक हजार से अधिक शहरों में इस नाटक का मंचन कर चुके हैं। 50 लाख से अधिक दर्शकों ने उनके प्रभावी को मंचन को सराहा है। यह उनका 1800 वां शो था। नाट्य संचालन की व्यवस्था में प्रो सरिता पटेल और एस्टेट ऑफिसर अमित भट्टाचार्य का योगदान रहा। इस दौरान प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, डायरेक्टर प्रो देवाशीष मुखर्जी, रजिस्ट्रार प्रो पूजा दुबे, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, स्टॉफ और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।




# जिले में दर्ज हुए 17 लाख 26 हजार 619 मतदाता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यलक्षता में शनिवार को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक कर फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस दौरान बताया गया कि 21 फरवरी 2026 को फाईनल पब्लिकेशन के दौरान जिले के 17 लाख 26 हजार 619 मतदाता हैं। जिनमें पुरूष मतदाता 8 लाख 81 हजार 191 तथा महिला मतदाता 8 लाख 45 हजार 362 एवं थर्ड जेंडर 66 मतदाता हैं। जिले में कुल 2 हजार 321 मतदान केन्‍ˊ6 हैं। ईपी रेश्योज 61.12 है। विधानसभा क्षेत्र पाटन में 2 लाख 45 हजार 674, बरगी में 2 लाख 31 हजार 696, जबलपुर पूर्व में 2 लाख 09 हजार 779, जबलपुर उत्तर में 2 लाख 01 हजार 514ए जबलपुर केंट में 1 लाख 60 हजार 211, जबलपुर पश्चिम में 2 लाख 05 हजार 252, पनागर में 2 लाख 53 हजार 314 तथा विधानसभा क्षेत्र सिहोरा में 2 लाख 19 हजार 179 मतदाता हैं।

# विदेशी आक्रांताओं ने किया हमारी संपदा और ज्ञान को लूटने का काम

## शहर में विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य महिला महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग अलंकरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने मंत्री श्री परमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से भारत अपनी खोई हुई ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत भारत की गौरवशाली शिक्षा पद्धति और गुरुकुलों को समाप्त कर हमें हीन भावना से भरने का प्रयास किया था। श्री परमार ने जोर देकर कहा कि भारत कभी गरीब या अशिक्षित देश नहीं था, बल्कि विदेशी आक्रांताओं ने हमारी संपदा और ज्ञान को लूटने का काम किया। विधायक अभिलाष पांडे ने महाविद्यालय की ऐतिहासिकता का उल्लेख करते हुए मंत्री श्री परमार के समक्ष परिसर में ई-स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सए स्मार्ट क्लासेस और कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाओं के विस्तार की मांग रखी। उन्होंने आश्वस्त किया कि छात्राओं की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधनों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अश्विनी परांजपे आदि उपस्थित रहे।

***छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र का वितरण***- इसी प्रकार मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में उल्लास अलंकरण एवं पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु राजेश कुमार वर्मा ने की। इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोाई, डॉ. अभिलाष पांडे, उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री श्री परमार ने अपने ओजस्वी संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्ताल व भारत की ज्ञान परम्पशरा के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान दर्शन ही वह आधार था, जिसके कारण भारत विश्व का केंद्र और विश्व गुरू कहलाता था। उन्होंने इतिहास की भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि वास्को डी गामा ने भारत की खोज नहीं की, बल्कि भारत का समुद्री व्यापार और श्रेष्ठ जहाज पहले से ही पूरी दुनिया में विख्यात थे। समारोह के मुख्य आकर्षण का केंद्र पुरस्कार वितरण रहा, जहां विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## आयुष को मिला नया जीवन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से सात वर्ष के आयुष कोल को नया जीवन मिला है। पनागर के ग्राम मोहनिया के निवासी प्रीतम कोल के पुत्र आयुष के हृदय की मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से स्वीकृत राशि से 14 फरवरी को नारायणा हृदयालय मुम्बई में सफल सर्जरी की गई। आयुष जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। यह जानकारी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने मोहनिया पहुंची राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को लगी। इसके बाद जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक से उसकी जांच कराई गई तथा मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत प्रकरण तैयार कर परिवारजनों की सहमति लेकर आयुष को नारायणा हृदयालय मुम्बई महाराष्ट्र रैफर किया गया।

## प्रेम विवाह करने की बात पर पिता ने किया हमला

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में आरती वंशकार उम्र 18 वर्ष निवासी महर्षि स्कूल के पीछे वंशकार मोहल्ला गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह बांस की टोकरी बनाने का काम करती है। उसने लगभग एक सप्ताह पहले अमित वंशकार से प्रेम विवाह की है। यह बात जब उसने पिता को बताई तो उसके पिता मुकेश वंशकार ने गाली गलौज करते हुए उसपर बांस छीलने वाले बाकी से हमलाकर कर चोट पहुंचा दी।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.